तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 7 जून 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 सीजीपीएससी एग्जाम के लिए परीक्षा केंद्रों में ...



13 सामुदायिक भवन बनाने का रास्ता हुआ साफ...








### यूपी और बिहार के युवक शामिल, छावनी पुलिस कर रही जांच, 26 मोबाइल, 3 लैपटॉप, 2 आईपैड, 85 एटीएम कार्ड

# ऑनलाइन सट्टा का बड़ा सिंडिकेट नागपुर से हो रहा था ऑपरेट, 9 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन सट्टा का बड़ा कारोबार करने वाले 9 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि छावनी पुलिस को मुखबिर की सूचना पर सुभाष चौक कैम्प 2 निवासी निशांत कुमार गुप्ता विभिन्न राज्यों में छिपकर ऑनलाइन सट्टा संचालन कर रहा था। निशांत अपने निवास स्थान से भी ऑनलाइन क्रिकेट बेटिंग का संचालन करता रहा है।

पुलिस ने पहले निशांत कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसके मोबाइल फोन, डिजिटल उपकरणों की शुरुआती जांच में सूचना सही पाया गया। पूछताछ करने पर आरोपी निशांत ने स्वीकार किया कि सी-बी क्रिकेट बुच बैटिंग ऐप, रुबी बैट ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म की आईडी को संचालन करता है। पुलिस से बचने अपने सहयोगियों को महाराष्ट्र के नागपुर शहर के मकान को किराये में लेकर सट्टे का संचालन करवाता रहा। क्लू मिलने पर छावनी पुलिस ने मास्टर माइंड निशांत कुमार गुप्ता की निशानदेही पर पुलिस की टीम ने नागपुर पहुंची। जहां से 8 युवक खुड़ापार, थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ यूपी अखिलेश यादव, पंकज यादव,खेरी कोठा, थाना मधुवन, जिला मऊ आशीष जायसवाल ,बरवा विद्यापति , थाना महाराजगंज, जिला महाराजगंज विशाल पटेल,झउवा, थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ शिवम चौहान, कुढ़ापार, थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ जय हिंद यादव, बेनीपुर, थाना बहेड़ा, जिला दरभंगा बिहार वेचन मुखिया,नयागांव, थाना रेयाम, जिला दरभंगा बिहार भागीरथ राम को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी निशांत के ग्रुप से 26 मोबाइल फोन, 3 लैपटाप, 2 आईपैड, 85 एटीएम कार्ड, 18 बैंक पासबुक,19 एक्सटेंशन बोर्ड, 3 लैपटॉप चार्जर,7 मोबाईल चार्जर, 19 पावर बैंक,19 टीवी कनेक्टर,2 चेकबुक, आधार कार्ड, 45 सिम कार्ड और हिसाब-किताब रजिस्टर, दस्तावेज और नगदी 1.54 लाख 620 रुपए जब्त किया गया है। इस दौरान सीएसपी प्रशांत पैकरा, क्राइम डीएसपी यदुमणी सिदार, छावनी प्रभारी अमित अंदानी समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।



#### रोज 4-5 लाख का कारोबार

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन सट्टे में डिपॉजिट, विड्राल, अकाउंट संचालन, आईडी प्रबंधन, तकनीकी कार्य करते थे। जिसके एवज में उन्हें प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपए वेतन समेत अन्य सुविधाएं दी जाती थी। जांच में यह भी सामने आया कि युवकों को लालच देकर संगठित रूप से ऑनलाइन सट्टा संचालन में लगाया गया था। इस कारोबार में प्रतिदिन 4-5 लाख रुपए का लेनदेन ऑनलाइन होता था। जो प्रतिमाह करीब 1.50 करोड़ तक पहुंचता था। मुख्य आरोपी निशांत कुमार गुप्ता राज्यों में स्थान बदल-बदल कर ऑनलाइन सट्टा संचालन करता था।

#### 1.50 करोड़ प्रतिमाह खातों में ट्रांसफर भी

आरोपी निशांत लगातार ठिकाना बदलकर और अन्य राज्यों में रहकर ऑनलाइन सट्टे का कारोबार करता था। पुलिस विवेचना में आरोपियों के पास से बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, एटीएम कार्ड, पासबुक, सिम कार्ड, अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद हुए। जांच में पाया गया कि उक्त बैंक खाते, एटीएम कार्ड एवं मोबाइल सिम कार्ड वास्तविक खाताधारकों,व्यक्तियों से बेईमानी, छलपूर्वक अवैध तरीके से हासिल किए गए थे। उक्त दस्तावेज का उपयोग ऑनलाइन सट्टे से मिली धनराशि के संग्रहण, हस्तांतरण, छिपाने के लिए किया जा रहा था।

#### सट्टे के रकम से 23 लाख के जेवरात भी जब्त

पुलिस ने बताया कि वर्षों से ऑनलाइन सट्टे का संचालन कर अवैध धनराशि का उपयोग कर सोना चांदी के जेवरात समेत अन्य संपत्तियां अर्जित किया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी द्वारा खरीदे गए सोने और डायमंड से बना आभूषण महावीर ज्वेलर्स, पावर हाउस भिलाई में 10 माह पूर्व गिरवी में रखा गया था।पुलिस द्वारा उक्त आभूषणों को अपराध से अर्जित संपत्ति मानते हुए जप्त किया। जिसमें आभूषणों में करीब 15 तोला सोना, डायमंड शामिल है। जिसकी कीमत 23 लाख रुपए आंकी गई है।

#### मोमोश और ऑनलाइन सट्टा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोमोश का कारोबार कर ऑनलाइन सट्टे में कूदकर करोड़ों रुपए की संपत्ती बनाने वालों का लिस्टिंग तैयार किया जा रहा है। इसे लेकर पुलिस को पूर्व में पकड़े गए सटोरियों ने कई अह्म जानकारी दी है। जिसमें मोमश का आड में ऑनलाइन सट्टा, एकाउंट बेचने का सिंडिकेट का संचालन कर अवैध कारोबार किया जा रहा है। इनके बारे में पुलिस को कई अह्म सुराग हाथ लगे है आने वाले दिनों में पुलिस इसका बड़ा खुलासा कर सकती है। इनका चलने वाला पैनल विभिन्न राज्यों में संचालित होने तक की खबर पुलिस के पास है। सिंडिकेट में दर्जन भर से अधिक युवा इसमें शामिल है। जो अपने कम समय में करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर युवा पीढ़ी को जुआ के कारोबार में शामिल होने रकम का लालच देकर उन्हें अपने पास बुलाया जा रहा है। इसे लेकर पुलिस ने दो टीमें तैयार कर मोमोश बेचकर आनलाइन सट्टा में कूदने वाले सटोरियों की कुंडली व उनका रहन-सहन की पड़ताल किया जा रहा है। इसके अलावा उनके मोबाइल नंबर समेत वाहनों का भी डिटेल भी खंगाला जा रहा है। इसके अलावा आधार कार्ड, पासपोर्ट तक की जानकारी जुटाई जा रही है।

## मॉर्निंग वॉक कर घर लौटे युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- वैशाली नगर थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी है पुलिस
- मृतक टूर एंड ट्रेवल्स का वाहन चलाता था
- आर्थिक दिक्कतों की बात सामने आ रही

मॉर्निंग वॉक कर घर लौटे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि अर्जुन नगर निवासी रुपेश वर्मा टूर एंड ट्रेवल्स का वाहन चलाया करता था।

इसी से अपना और परिवार का पालन पोषण करता था। रोज की तरह शनिवार की सुबह घर से रूपेश टहलने के लिए निकला था। कुछ समय बाद घर लौट कर अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब परिवार के लोगों ने उसे देखा तो तुरंत आसपास के लोगों को जानकारी दी। रुपेश के आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक रूपेश पैसों को लेकर परेशान था। आर्थिक दिक्कतों की बात भी सामने आ रही है। पुलिस जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। वैशाली नगर पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है।

### खबर संक्षेप

#### पुरानी रंजिश के चलते विवाद और मारपीट

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थ नगर में बीती रात कुंडे व परिहार परिवार के बीच रंजिश के मध्य दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ। एक पक्ष में 15-20 लोग विवाद में पहुंचे थे। कुछ माह पहले भी दोनों परिवारों के बीच विवाद हो चुका है। मामला न्यायालय तक पहुंचा था। उसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव है। शुक्रवार की रात को बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोग लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और चाकू लेकर परिहार परिवार के यहां पहुंचे। घर में घुसकर तोड़फोड़ की गई और परिवार पर हमला कर दिया। हमले में 7 लोग घायल हैं। किसी को चाकू लगा है तो किसी के सिर में गंभीर चोट आई है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने सिद्धार्थ नगर में पुलिस बल तैनात किया गया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।

## कोड़िया संग्रहण केंद्र में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कोड़िया संग्रहण केंद्र में रखे धान में शनिवार की सुबह करीब 8 बजे अचानक आग लग गई। खबर है कि पास के खेत में पराली जलाई जा रही थी। वहां उठती आग की लपटें संग्रहण केंद्र तक पहुंची, इसके बाद केंद्र के एक फड़ में आग लग गई। फड़ में पिछले साल का धान रखा हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो करीब 1 हजार क्विंटल से ज्यादा धान जला। साथ ही 3400 क्विंटल के करीब धान खराब हुआ। जिला विपणन अधिकारी ने इस बात से इंकार किया है। उनके मुताबिक दो स्टेक में बोरियों में कुछ धान था। नुकसान का आकलन नहीं किया गया है। इधर आग लगने के बाद नगर सेना विभाग के फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद लगी आग पर काबू पाया गया। हादसे की जानकारी के बाद जेके लक्ष्मी सीमेंट एवं एसीसी अडानी सीमेंट की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची थी।

#### हजारों क्विंटल धान हुआ खराब



#### नुकसान का आंकलन किया जा रहा

*सुबह करीब 8 बजे पास के खेत में पराली जलाने के दौरान उठती लपटों की वजह से संग्रहण केंद्र में आग लगी। दो स्टेग में आग लगी है। कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं हो पाया है। स्थानीय कर्मचारियों ने जानकारी दी है कि पुराना अमानक धान ही जला है। आंकलन के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी।*

*-राहुल कुमार, डीएमओ दुर्ग*

#### बीएसपी स्क्रैप चोरी मामले में फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित

**भिलाई।** बीएसपी से स्क्रैप चोरी मामले में फरार चल रहे मास्टर माइंड संजय सिंह और अभय सिंह की जानकारी देने वाले को पुलिस ने 10-10 हजार रुपए का नगद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने बताया कि लोहा चोरी मामले में पुलिस ने अब तक 8 आरोपियों को पकड़कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है। पुलिस को कार्रवाई में 250 टन लोहे की प्लेट, बीम कटिंग जब्त किया। परिवहन,लोडिंग में उपयोग वाहनों,मशीनों समेत कुल 3 करोड़ 22 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है।


संजय सिंह


अभय सिंह

#### 25 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि चन्दखुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1227/1 रकबा 0.0420 हेक्टेयर को क्रय करने के लिए 25.51 लाख रुपये का भुगतान बैंकिंग माध्यम से पीड़ित ने किया गया था। भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित होने के बाद नामांतरण प्रक्रिया में आपत्ति पेश कर नामांतरण निरस्त कराया गया। पुलिस जांच करना शुरु कर दिया इस दौरान पुलिस ने चंदखुरी दुर्ग निवासी गुपेन्द्र कुमार निर्मलकर, खिलेन्द्र कुमार निर्मलकर को पकड़ा है।

### वेदर अलर्ट — नौतपा के बाद लगा पंचक, पांच दिन तक तापमान में होगी बढ़ोतरी

## दिनभर गर्मी, शाम को काले बादल छाए पर बरसे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्री मानसून के इंतजार में बैठे ट्विसनसिटी के लोगों को शनिवार को भीषण गर्मी झेलनी पड़ी। पूरे दिन सूर्य की तेज तपिश से लोग हलाकान रहे। शाम करीब 7 बजे अचानक आसमान पर काले बादल छाए और ऐसा लगा कि अब बारिश शुरू हो जाएगी। इस बदलाव से भारी उसम की स्थिति वातावरण में निर्मित हो गया। पंखे-कूलर और एसी भी ठीक से काम नहीं करने लगे। वहीं नवतपा समाप्त होने के बाद पंचंक शुरू हो गया है। पंचक शनिवार की शाम से शुरू हुआ जो 10 जून रात को समाप्त होगा। मौसम विभाग ने इस दौरान तापमान में बढ़ोतरी होना बताया है।



#### ट्विनसिटी का तापमान 41 डिग्री लेकिन गर्मी 43 डिग्री जैसा

शनिवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सयस रहा। पिछले चार दिनों से 40 और 41 डिग्री के आसपास अधिकतम तापमान रहा है लेकिन शनिवार को गर्मी 43 डिग्री जैसा एहसास लोगों ने किया। शाम को पंचक लगने की वजह से आर्द्रता बढ़ गई।आर्द्रता 52 दर्ज किया गया है। जो शाम को और बढ़ गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस पेण्ड्रा रोड में दर्ज किया गया।

#### ट्विनसिटी में यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने दुर्ग भिलाई के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। 7 जून को आकाश आंशिक मेघमय रहने तथा वर्षा या गरज-चमक या अधंड़ चल सकती है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 42°C और 28°C के आसपास रहने की संभावना है।चेतावनी दी है कि प्रदेश में एक-दो स्थानों गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा तेज हवा (50-60 किलोमीटर प्रति घंटे के हिसाब से ) चलने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।




## खबर संक्षेप



### अहिवारा में डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन

**भिलाई।** यूनियन भवन के सामने डोम शेड निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस डोम के बनने से क्षेत्रवासी यहां बैठक सहित कई आयोजन कर सकेंगे। इस अवसर पर अहिवारा विधानसभा प्रतिनिधि सतीश साहू, इन्द्रजीत सिंह छोटू सहित सर्व समाज कल्याण समिति के सदस्यगण और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### संगोष्ठी और निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर-6 भिलाई द्वारा 7 जून को सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक एक दिवसीय सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन सतनाम भवन सेक्टर - 6 भिलाई मे किया गया है। वहीं दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित है। यह जानकारी महासचिव एनआर गिलहरे ने दी है।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पॉलीटेक्निक कॉलेज का किया निरीक्षण

# सीजीपीएससी एग्जाम के लिए परीक्षा केंद्रों में लगाए गए जैमर, गोपनीयता बरतने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा शनिवार 6 जून से प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह शनिवार को परीक्षा शुरू होने के पहले सुबह 8.30 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग परीक्षा केंद्र पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राध्यक्ष को आयोग के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत बेहतर ढंग से परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षार्थियों के लिए केंद्र में आवश्यक सुविधाएं पेयजल, रोशनी, पंखे आदि की प्रबंध करने कहा।

परीक्षा केंद्र में कुल 436 परीक्षार्थियों के लिए व्यापक एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की गई हैं। कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शीतलन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। केंद्र में तीन दिव्यांग प्रतिभागियों तथा उनके सहयोगियों (स्क्राइब) के लिए अलग-अलग कक्षों में परीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे वे बिना किसी असुविधा के परीक्षा दे सकें।

### 436 परीक्षार्थियों के लिए किए गए विशेष इंतजाम



### प्रवेश के दौरान की गई सघन जांच

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में जैमर, कूलर एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर ने परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा संचालन के दौरान सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की जल्दबाजी या असुविधा से बचने के लिए परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम एक घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचें तथा अपने आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। इस अवसर पर परीक्षा केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### अनुसूचित जाति व जनजाति के बच्चों को मिलेगा प्रवेश

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत दुर्ग जिले के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के छात्र-छात्राओं जो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, छग राज्य में मान्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो, इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो। छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला से कक्षा 5वीं नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की आय समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रुपये 2.50 लाख से अधिक न हो। निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिये। आवेदन अध्ययनरत संस्था में 20 जून तक जमा करें। 22 जून तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। 24 जून कार्यालय दुर्ग में जमा करेंगे। परीक्षा 5 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### 25 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत ने जारी आदेश के माध्यम से दुर्ग जिले में प्रस्तावित ईस्ट एण्ड वेस्ट डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर परियोजना के निर्माण के लिए तहसील दुर्ग एवं पाटन के गांवों की निजी भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन, खरीदी-बिक्री आदि को प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा और परियोजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आदेश में संशोधित करते हुए उक्त आदेश की कंडिका-4 में उल्लेखित ग्रामों के स्थान पर दुर्ग तहसील अंतर्गत ग्राम बिरेझर, चंगोरी, कोनारी, चंदखुरी, हनोदा, खम्हरिया, उमरपोटी, उतई, डुमरडीह, पाटन तहसील अंतर्गत ग्राम परेवाडीह, पहंडोर, औंधी, मगरघटा, बेन्द्री, नारधी, महकाकला, महकाखुर्द, कुरूदडीह, बटंग एवं भिलाई-3 तहसील अंतर्गत सिरसाकला, परसदा (पाहंदा), सोमनी, गनियारी, देवबलोदा, उरला कुल 25 ग्राम शामिल किया है। अधिकारियों ने बताया कि जमीन खरीदी बिक्री को लेकर किसी भी शिकायत का त्वरित निराकरण किया जाएगा। विवाद की स्थिति में राजस्व न्यायालय का निर्णय मान्य होगा।

## सेल कर्मचारियों के एरियर्स का नहीं किया जा रहा है भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सीटू ने सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर लंबित सेल वेतन समझौता पूर्ण करने सहित बीएसपी में श्रम कानूनों के पालन कराने की मांग की है। कर्मचारियों 2 लाख करोड़ एरियर्स सेल ने भुगतान नहीं किया है। इससे कर्मियों का मनोबल कम हो रहा है।

यूनियन ने बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग को सौंपे ज्ञापन में बताया कि सेल के विभिन्न इस्पात संयंत्रों के 50 हजार कर्मचारियों का 39 माह के एरियर्स का भुगतान अब तक लंबित है। यदि प्रति कर्मचारी औसतन 2 लाख एरियर्स देय माना जाए, तो कुल राशि 1 हजार करोड़ बैठती है। इसका समयबद्ध भुगतान किया जाना चाहिए। यदि अधिकारियों के 39 महीने का भी एरियर्स दिया जाए तो और 600 से 700 करोड़ रूपया खर्च होगा। सीटू ने बताया कि एक ओर कर्मियों का वाजिब एरियर्स नहीं दियाजा रहा है वहीं दूसरी ओर 3 हजार करोड़ से अधिक मूल्य की चोरी और अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं। यदि इतनी बड़ी मात्रा में चोरी पकड़ी जा सकती है, तो कई अन्य मामलों का अभी तक पता न चला हो। सुरक्षा में लापरवाही के साथ सीआईएसएफ की जवाबदेही अब तक तय नहीं हुई है।

सीटू ने कहा कि नए श्रम कानून के



मुताबिक सप्ताह में 48 घंटे से ज्यादा काम नहीं लिया जाना है। यदि किसी कर्मी से चार दिन तक 12 घंटे काम लिया जाता है तो उसके सप्ताह के 48 घंटे समाप्त हो जाते हैं लेकिन बीएसपी में ठेका मजदूरों से पैसे का लालच देकर दो-दो शिफ्ट काम करवाया जा रहा है। नियमानुसार पूरा वेतन हाथ में दे देने के बाद वापस छीन लेने की प्रथा खत्म नहीं हो रही है। सीटू ने कहा कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के माध्यम से स्थायी कर्मचारियों की संख्या भी लगातार कम की जा रही है। इससे मेनपावर में कमी, कार्यभार में वृद्धि और रोजगार के अवसरों में गिरावट की स्थिति बनेगी।

एरियर्स का भुगतान न होने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। कर्मचारियों का मनोबल गिराकर किसी भी उद्योग का दीर्घकालिक विकास संभव नहीं है। विभिन्न इकाइयों में वेज कॉस्ट अधिक होने का हवाला देकर 30 से 40 प्रतिशत तक ठेका कर्मियों की छंटनी करने के निर्देश दिए जाने की खबरें सामने आ रही हैं। इससे हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो जाएगी।

## किराएदारों को भी मिलेगा अपना आशियाना 777 सरकारी आवास के आवंटन की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

▪ दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संचालित मोर मकान–मोर आस योजना के तहत नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों के आवंटन हेतु पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य किराये के मकानों में निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वयं का आवास उपलब्ध कराना है। नगर निगम द्वारा गोकुल नगर, मॉ कर्मा हाइट्स एवं सरस्वती नगर परियोजनाओं में कुल 777 आवासों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। पात्र हितग्राही निर्धारित आवेदन शुल्क जमा कर निगम के डेटा सेंटर, सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा से आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।योजना के तहत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को शासन के नियमानुसार प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। भूतल के आवासों का आवंटन



प्राथमिकता के आधार पर तथा शेष आवासों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। आवेदकों को निर्धारित पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जानकारी के मुताबिक गोकुल नगर पुलगांव में भूतल में 102, रिक्त आवास 199, मां कर्मा हाईट्स बोरसी में भूतल में 14, रिक्त आवास 35, सरस्वती नगर में भूतल में 68, रिक्त आवास 359 हैं। इस प्रकार 777 आवास हैं।

## अवैध चिकन-मटन दुकानों पर कार्रवाई, लगा जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन-03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 31 में अवैध रूप से संचालित चिकन एवं मटन दुकानों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। निगम की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया।

कार्रवाई के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे एवं स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव उपस्थित रहे। निरीक्षण में पाया गया कि कुछ दुकानों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा था, जिस पर निगम अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई



करते हुए संबंधित दुकानदारों से कुल 1500 रुपये अर्थदण्ड वसूल किया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को स्वच्छता मानकों का पालन करने, परिसर को साफ-सुथरा रखने तथा निर्धारित नियमों के तहत व्यवसाय संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम भिलाई द्वारा शहर में स्वच्छता

## क्लब हाउस की जगह को लेकर विवाद बैठक में रहवासियों ने गिनाई कमियां

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पुलगांव रोड स्थित सोहम सिटी में क्लब की जगह का व्यावसायिक उपयोग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर रहवासियों ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में शिकायत की है। साथ ही बैठक कर प्रबंधन को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। बैठक के दौरान प्रस्तावित नए क्लब हाउस से जुड़ी जानकारी दी गई, जिसमें पुराने एवं नए प्रस्तावित क्लब हाउस की तुलना तथा संभावित सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित रहवासियों ने प्रस्ताव पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए कहा कि क्लब हाउस से संबंधित मामला वर्तमान में सक्षम प्राधिकरणों के समक्ष विचाराधीन है। रहवासियों ने यह भी कहा कि इस संबंध में रेरा सहित अन्य सक्षम अधिकारियों को शिकायत की गई है। मामले की जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि ले आउट की नई स्वीकृति नहीं ली गई है। परिवर्तन को लेकर अब तक कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। क्लब हाउस के नाम पर रहवासियों से ली गई राशि का



उपयोग के बारे में जानकारी नहीं दी जा रही है। पूर्व में प्राप्त सहमति के समय प्रस्तावित व्यावसायिक उपयोग की जानकारी नहीं दी गई है। बैठक के दौरान एक समिति गठित करने तथा सभी प्लॉट स्वामियों को पंजीकृत डाक के माध्यम से विकल्प पत्र भेजने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर अनेक रहवासियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की सहमति से पूर्व सभी दस्तावेज, अनुमतियां एवं तथ्य सार्वजनिक दी जाए। रहवासियों ने कहा कि वैधानिक प्रक्रिया का पालन होना चाहिए, अन्यथा लोगों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। रहवासियों ने कहा कि सुविधा के नाम पर 1.75 लाख रुपए लिया गया है। इसमें 25 सुविधाएं प्रदान करने का वादा किया था, लेकिन सुविधाओं का अभाव है।

# Market Special



## बदलती जीवनशैली के साथ बढ़ रही टूर एंड ट्रैवल्स, होटल और हाउस प्लानिंग की मांग

आधुनिक जीवनशैली, बढ़ती आय और सुविधाओं के प्रति लोगों की बदलती सोच ने टूर एंड ट्रैवल्स, होटल और हाउस प्लानिंग सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। आज लोग केवल यात्रा करना ही नहीं चाहते, बल्कि आरामदायक ठहराव और आधुनिक सुविधाओं से युक्त घरों का सपना भी साकार करना चाहते हैं। यही कारण है कि इन तीनों क्षेत्रों का बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है और स्थानीय स्तर पर रोजगार व व्यापार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है।

### पर्यटन उद्योग में बढ़ रहा कारोबार

पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक, पारिवारिक और अवकाश पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। देशभर के प्रमुख धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक पर्यटन केंद्रों और ऐतिहासिक धरोहरों की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। इसके चलते टूर एंड ट्रैवल्स व्यवसाय का दायरा लगातार बढ़ रहा है।यात्रियों की सुविधा के लिए अब ट्रैवल एजेंसियां परिवहन, होटल बुकिंग, भोजन व्यवस्था, गाइड सेवा और संपूर्ण टूर पैकेज उपलब्ध करा रही हैं। विशेष रूप से तीर्थ यात्राओं और समूह यात्राओं की मांग में तेजी आई है।

### होटल व्यवसाय बना आतिथ्य का मजबूत आधार

पर्यटन और व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार के साथ होटल उद्योग भी तेजी से विकसित हो रहा है। आधुनिक होटल अब केवल ठहरने की जगह नहीं, बल्कि बेहतर अनुभव प्रदान करने वाले केंद्र बन चुके हैं।

ग्राहक स्वच्छता, सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण भोजन, ऑनलाइन बुकिंग और बेहतर सुविधाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। छोटे शहरों में भी प्रीमियम होटल, रिसॉर्ट और फैमिली रेस्टोरेंट्स का विस्तार इस क्षेत्र की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाता है।

### आधुनिक घरों के लिए बढ़ी प्रोफेशनल हाउस प्लानिंग की जरूरत

बढ़ते शहरीकरण और सीमित भूमि संसाधनों के बीच लोग अब व्यवस्थित और आकर्षक घरों की योजना पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। आधुनिक हाउस प्लानिंग में वास्तु, स्पेस मैनेजमेंट, ऊर्जा दक्षता और आकर्षक डिजाइन को प्राथमिकता दी जा रही है।

सिविल इंजीनियर, आर्किटेक्ट और डिजाइनर अब 2D एवं 3D प्लानिंग, स्ट्रक्चरल डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन और बिल्डिंग परमिशन जैसी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इससे लोगों को अपने बजट और जरूरत के अनुरूप घर तैयार करने में सुविधा मिल रही है। डिजिटल तकनीक के आने से इन तीनों क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आया है। ऑनलाइन बुकिंग, डिजिटल भुगतान, वर्चुअल डिजाइन प्रेजेंटेशन और सोशल मीडिया मार्केटिंग ने व्यवसायों को ग्राहकों तक पहुंचने का नया मंच दिया है। आज ग्राहक मोबाइल फोन से ही यात्रा बुक कर सकता है, होटल का चयन कर सकता है और अपने घर का 3D डिजाइन भी देख सकता है। टूर एंड ट्रैवल्स, होटल और हाउस प्लानिंग से जुड़े व्यवसाय स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ड्राइवर, गाइड, होटल कर्मचारी, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर और निर्माण क्षेत्र से जुड़े हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है।









## खबर संक्षेप

### तिरगा में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**अंडा।** ग्राम तिरगा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सर्जना युवा समिति तिरगा एवं नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां वृक्षारोपण किया गया और स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू उपस्थित रहीं, साथ में सरपंच ग्राम पंचायत तिरगा घसिया राम देशमुख, उपसरपंच सुखीत राम, ग्राम पटेल बाबूलाल देशमुख, शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज देशमुख, सोमन लाल देशमुख, प्रिंसिपल रामटेके, राजू गुरु , पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, हेमंत ऋषि देशमुख, घनश्याम देशमुख,महेश्वर यादव, विनय ठाकुर एवं बड़ी संख्या में शाला के शिक्षक गण छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### पीएम स्वनिधी आत्मनिर्भर लोक कल्याण मेला 12 से

**जामुल।** प्रधानमंत्री स्वनिधी आत्मनिर्भर लोक कल्याण मेला का आयोजन नगर पालिका जामुल के सभागार में 12 जून एवं 17 जून को किया जा रहा है। जिसमें पथ विक्रेता ठेलेवाले, सब्जी विक्रेता, चुड़ी व्यापारी, स्व सहायता समूह, सेलुन चौपाटी, दर्जी, मोची, एवं अन्य पथ कर विक्रेता उपस्थित होकर पी.एम. स्वनिधी फार्म भर सकते हैं। पीएम स्वनिधी का फार्म भरने का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

## 'तालाब' की भूमि बताकर कर रहे थे विरोध, रिपोर्ट में सामने आई वस्तुस्थिति

# वार्ड 2 में सामुदायिक भवन बनाने का रास्ता साफ, विरोध दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमधा

नगर पंचायत धमधा के वार्ड क्रमांक 02 में अधोसंरचना मद के तहत स्वीकृत 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का रास्ता पूरी तरह साफ हो चुका है। कुछ लोगों द्वारा इसे 'तालाब' की भूमि बताकर किए जा रहे विरोध को सरकारी दस्तावेज़ों और राजस्व निरीक्षण की रिपोर्ट ने दरकिनार कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह पूरी ज़मीन पिछले 20 वर्षों से समतल है और यहां कोई तालाब अस्तित्व में नहीं है।

नगर पंचायत परिषद की साधारण बैठक में इस निर्माण कार्य को बहुमत से स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके बाद राजस्व विभाग के आर.आई. और पटवारी द्वारा किए गए संयुक्त स्थल निरीक्षण में भी यह प्रमाणित हुआ है कि खसरा नंबर 1719/2 (मद आबादी) की यह 18 डिसमिल भूमि वर्तमान में पूरी तरह समतल व रिक्त है।

### विकास कार्य को रोकने की शिकायत के साथ सौंपा ज्ञापन



### विपक्ष का दोहरा चरित्र उजागर

शिकायतकर्ताओं पर निशाना साधते हुए स्थानीय पार्षदों व मोहल्लावासियों ने बताया कि जो लोग आज विरोध कर रहे हैं, वे स्वयं वर्ष 2009 से 2015 के बीच नगर पंचायत के अध्यक्ष व महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उनके अपने कार्यकाल में इसी भूमि पर आंगनबाड़ियों का निर्माण हुआ और उनके करीबियों द्वारा समीपस्थ ज़मीन पर खेती व अतिक्रमण के प्रयास किए गए, लेकिन तब उन्होंने तालाब को 'पूर्ववत' करने की कोई पहल नहीं की। कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी धमधा को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि कुछ लोगों के निजी व राजनीतिक स्वार्थ के कारण जनहित के इस बड़े प्रोजेक्ट को न रोका जाए और क्षेत्र के गरीब तबके के हित में जल्द से जल्द निर्माण शुरू कराया जाए।

### मुख्य तथ्य

पूर्व में भी हुए निर्माण: इसी पैच पर पूर्व में दो आंगनबाड़ी भवन और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 परिवारों के मकान बनाए जा चुके हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि यहां वर्षों से समतल आबादी भूमि है।

### बेजा कब्जा से सुरक्षा

वर्तमान में बची हुई 18 डिसमिल रिक्त भूमि को भू-माफियाओं और अवैध अतिक्रमण से बचाने के लिए वहां शासकीय भवन का निर्माण बेहद आवश्यक है।

### सर्वसमाज को लाभ

इस वार्ड और आस-पास के गरीब परिवारों, विशेषकर मुसलमान समाज, ढीमर समाज, राउत समाज, गोड़ समाज और मरार समाज के लोगों के पास शादी-व्याह और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कोई भवन नहीं है। यह भवन बनने से इन परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

### कोई तालाब नहीं



पिछले 20 साल से हम इस मैदान को समतल देख रहे हैं, यहां कोई तालाब नहीं है। साथ हीं यहाँ पर 2 आंगनबाड़ी केंद्र भी बन चुके है अगर यहां सरकारी भवन नहीं बना, तो भू-माफिया इस बची हुई 18 डिसमिल ज़मीन पर भी अवैध कब्जा कर लेंगे। शासन को तुरंत यहां निर्माण शुरू कराना चाहिए।

**-कलीम कुरैशी**, स्थानीय निवासी

### तुरंत काम शुरू करें



मंज़ूर हुई सरकारी राशि को वापस भेजना वार्ड के साथ अन्याय होगा" "सालों की मांग के बाद सरकार ने हमारी बस्ती के लिए 25 लाख रुपये मंज़ूर किए हैं। जो लोग आज विरोध कर रहे हैं, वे विकास विरोधी हैं। अगर यह पैसा वापस चला गया, तो नुकसान सिर्फ यहाँ के गरीब तबके का होगा। समतल ज़मीन पर तुरंत काम शुरू होना चाहिए।

**-लक्ष्मण पटेल**, स्थानीय निवासी

### तब विरोध क्यों नहीं?



यह ज़मीन पिछले 20 साल से समतल है। हमारे वार्ड के गरीब परिवारों (मुसलमान, ढीमर, राउत, मरार समाज) के पास शादी-ब्याह या सुख-दुख के कार्यक्रमों के लिए कोई जगह नहीं है। जब इसी ज़मीन पर पहले आंगनबाड़ी और पीएम आवास बने, तब विरोध क्यों नहीं हुआ? कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। हम विकास कार्य किसी भी कीमत पर रुकने नहीं देंगे।

**मलिक मोहम्मद**, पार्षद

### बेजा कब्जा से बचाएंगे



वार्ड क्रमांक 02 में सामुदायिक भवन का निर्माण जनहित और वहां के गरीब तबके की जरूरत को देखते हुए कराया जा रहा है। परिषद से प्रस्ताव पारित होने के बाद आर.आई. द्वारा मौके का निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट दी जा चुकी है, जिसमें ज़मीन के समतल होने की पुष्टि हुई है। बची हुई सरकारी ज़मीन को बेजा कब्जा से बचाना और जनोपयोगी बनाना हमारा कर्तव्य है।

**-श्वेता प्रशांत अग्रवाल**, धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष

## अंचल की खबरें

### कार्यकर्ताओं ने लगाए एक पेड़ मां के नाम



**उतई।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन किया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माँ के सम्मान में लगाया गया एक पेड़,आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और जीवन का उपहार है। इस अवसर पर उतई मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत,महामंत्री चंदु देवांगन,प्रवीण यदु,उतई सोसायटी अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,सरपंच पुरई डोमार सिंह साहू,मचांदुर सोसायटी अध्यक्ष फलेन्द्र सिंह राजपूत,सुखीत यादव,सांसद प्रतिनिधि सुश्री ममता चन्द्राकर,महिला मोर्चा उतई मंडल महामंत्री रंजना चन्द्राकर,शत्रुहन साहू,हरीश यादव,कांति साहू,प्रशांत ठाकुर,हर्ष चंदेल,पंच ममता देवांगन,सतरूपा साहू,घनश्याम चन्द्राकर,लोकेश निषाद,मोतिम ठाकुर,रामरतन मेश्राम,लोकेश्वर चन्द्राकर,सचिव सुनीता निर्मलकर,करगाडीह सरपंच करण सेन,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमला कामड़े,एकता चन्द्राकर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्राम सभा में खेत बचाओ अभियान पर चर्चा



**पाटन।** ग्राम चंगोरी विकासखंड पाटन में आयोजित ग्राम सभा में "खेत बचाओ अभियान" को शामिल करते हुए कृषकों को मृदा स्वास्थ्य एवं संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक कृषि, दुर्ग संभाग गोबिका गबेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में कृषकों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा परीक्षण आधारित पोषण प्रबंधन तथा हरी खाद के उपयोग एवं महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों से वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं सतत कृषि विकास में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि द्वारा ग्राम के एक प्रगतिशील कृषक के यहां स्थापित नील हरित शैवाल (बीजीए) उत्पादन इकाई का भी निरीक्षण किया गया। ग्राम सभा में सरपंच रजनी कुर्रे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिता वर्मा, कृषि सखी देवहुती ठाकुर एवं कृषक मित्र बलराम जांगडे उपस्थित रहे।

### धीवर समाज के आम चुनाव में संजू बने अध्यक्ष



**अंडा।** दुर्ग धीवर समाज अण्डा परगना का वार्षिक आम चुनाव ग्राम अण्डा में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन महासभा रायपुर के अध्यक्ष सुरेश धीवर, अभनपुर अध्यक्ष वेदव्यास धीवर, दुर्ग अध्यक्ष दासु धीवर तथा समाज के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। चुनाव के बाद संजू बाघमार को अण्डा परगना का अध्यक्ष, जीतेन्द्र धीवर को सचिव तथा जागेश्वर धीवर को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने नवनिर्वाचित टीम से समाज के विकास, शिक्षा, सामाजिक एकता और युवा वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की। चुनाव में अण्डा परगना के 34 गांवों के सामाजिक भाइयों ने भाग लिया। इनमें अंडा, रिसामा, ओटेबंध, चिंगरी, भानपुरी, चंदखुरी, भरदा, निकुम, अछोटी, कुथरेल, देवरी, जंजगिरी, नहर, खपरी, साजा, धर्मी, कचांदुर, तिरगा, विनायकपुर, डंगनिया, सिरसिदा, गोरखापार, सकरौद, बेलटिकरी, राहुद, हीरु खपरी, मचौद, चौरेल, पैरी, मोहदीपाठ, खुरसुल, खुरसुनी, गोडेला, चंगोरी, संजारी और बघेली गांवों के समाजजन शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित समाजजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज की एकजुटता एवं प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### किया पौधारोपण, जताया आभार



**जामगांव आर।** जन्म दिवस पर शासकीय हाईस्कूल सुरपा में शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन ने छायादार एवं फलदार वृक्षारोपण कर स्कूल एवं समिति परिवार का मुंह मीठा कराया और गाय माता को गुड़ खिलाकर मुँह मीठा कराया। अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी अतिथियों का आभार पौधा भेंट कर जताया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्गेश रजक, युवा नेता भारतीय जनता पार्टी किशोर सेन, बूथ अध्यक्ष किशोर यादव, लोकेश्वर रजक, अशोक पटेल, देवानंद देवांगन बूथ अध्यक्ष, रिगेश्वर सिन्हा और सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार धरमगुड़ी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### जन्म से ही बंद थी बच्चे की नाक, हाईटेक में जटिल ईएनटी सर्जरी



**भिलाई।** हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में एक मासूम बच्चे की जटिल सर्जरी की गई। बच्चे की नाक का एक छिद्र जन्म के समय से ही बंद था। इसमें मांस का एक पिण्ड था। पिंड बढ़ता ही चला गया और फिर बच्चे के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया। बच्चे की कम उम्र और खतरे को देखते हुए उसे अधिकांश अस्पतालों ने लौटा दिया था। तब बच्चे के परिजन उसे लेकर हाईटेक अस्पताल इलाज के लिए पहुंचे।ईएनटी सर्जन डॉ. अपूर्व वर्मा ने बताया कि यह एक जटिल सर्जरी। सर्जरी के बाद 48 घंटे तक नाक को पूरी तरह से बंद रखना था। इस बीच सांस लेने की वैकल्पिक व्यवस्था करनी थी। बच्चे की उम्र केवल एक साल थी इसलिए उसे एनेस्थीसिया देना भी चुनौतीपूर्ण था। ऐसे समय में एनेस्थेटिस्ट डॉ. नरेश देशमुख, इंटेंसिविस्ट डॉ. नीलिमा बम्बोडे तथा डॉ. मौसम खुबवानी के साथ इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी की तैयारी की गई। डॉ. अपूर्व ने बताया कि यह एक हाईरिस्क सर्जरी थी। नाक को पूरी तरह सील कर दिया गया। मुंह से ही एक पतली नली ऑक्सीजन के लिए एयरवे तक सरका दी गई। इसके बाद बच्चा मुंह से ही आहार लेता रहा। सर्जरी के 48 घंटे बाद नाक खोल दी गई। ऑक्सीजन के लिए लगा पाइप हटा दिया गया। बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ है और डिस्चार्ज के लिए तैयार है।

### एसएम कॉमर्स अकादमी के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**दुर्ग।** एसएम कॉमर्स अकादमी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। अकादमी क़े संचालक संजीव मिश्रा ने बताया कि अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त किए हैं। 12वीं सीबीएसई के छात्र प्रथम पांडेय ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। प्रियल तिवारी ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयुष गुप्ता ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। रागिनी देशमुख ने 82 प्रतिशत अंक हासिल कर संस्था का मान बढ़ाया। नुवेदिता देवांगन ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 11वीं कक्षा में सौरभ महोबिया ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। ओजस ताम्रकार ने 83 प्रतिशत अंक अर्जित किए। जानवी देवांगन ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वरुण सोनकर ने 73 प्रतिशत अंक हासिल किए। शिवम मिश्रा ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। रोहन पटेल ने 71 प्रतिशत अंक अर्जित किए। बी कॉम में नंदिनी जोशी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। साक्षी देवांगन ने 84 प्रतिशत अंक हासिल किए। पलक माणिकपुरी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। डॉली चंद्राकर ने 73 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने




ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

# बेजुबानों का चारा ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेलूद

- सेलूद गौठान में मानवता शर्मसार, सरपंच खिलेश मारकंडे ने जताई चिंता



ग्राम पंचायत सेलुद के गौठान में बेसहारा और घुमंतू पशुओं के चारे के लिए रखे गए पैरा कुट्टी (पुआल के टुकड़े) अज्ञात चोरों ने पार कर दिए। भीषण गर्मी और संकट के इस दौर में गौठान में आश्रित मवेशियों के सामने चारे का संकट खड़ा हो गया है। सरपंच खिलेश मारकंडे ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

सरपंच खिलेश मारकंडे ने बताया कि घुमंतू मवेशियों के चारे-पानी की उचित व्यवस्था के लिए गौठान में पर्याप्त मात्रा में पैरा कुट्टी का स्टॉक रखा गया था। लेकिन असामाजिक तत्वों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मवेशियों के इस हक के चारे को पार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक चोरी नहीं, बल्कि बेजुबान और बेसहारा जानवरों के मुंह से निवाला छीनने जैसा पाप है। शासन और पंचायत द्वारा मवेशियों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन कुछ संकीर्ण सोच वाले लोग इस नेक कार्य में बाधा डाल रहे हैं। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस से मामले की तुरंत जांच करने तथा दोषियों पर सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई बेजुबानों के चारे पर डाका डालने की हिम्मत न कर सके।

### गोता में 14 माह में 1.21 करोड़ रुपए के विकास कार्य पूर्ण

**धमधा।** ग्राम पंचायत गोता में पिछले 14 माह के दौरान लगभग 1 करोड़ 21 लाख 13 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। पंचायत द्वारा सड़क, नाली, मंच निर्माण, जल सुविधाओं एवं मनरेगा के तहत अनेक कार्यों को पूरा कर ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के तहत सोमबाई के घर से दुर्गी तालाब तक लगभग 22 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया गया। वहीं समग्र विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न मोहल्लों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य संपन्न किए गए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत माटरा से गोता मार्ग तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का नवीनीकरण 74 लाख रुपये की लागत से किया गया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। जनपद स्तर से स्वीकृत कार्यों में मंच निर्माण, नाली निर्माण, टाइल्स मरम्मत तथा पानी टंकी निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा मनरेगा के तहत वृक्षारोपण एवं बांध नवीनीकरण कार्य भी कराए गए हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच लोमश साहू ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े विकास कार्य होंगे।



### सेल में संविदा कर्मियों की कटौती पर लगे रोक

**अहिवारा।** बीएमएस से संबद्ध खदान मजदूर संघ ने बीएसपी में संविदा कर्मियों की 40 प्रतिशत कटौती पर को मजदूर विरोध कदम बताते हुए प्रबंधन से इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।यूनियन के केंद्रीय महामंत्री उमेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भिलाई इस्पात संयंत्र की नंदिनी माइंस के महाप्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में बताया कि सेल प्रबंधन के इस कदम से कटौती से सैकड़ों लोगों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। । इससे मजदूरों में असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है मजदूरों चिंता व भय का माहौल है। श्रमिक हित में कटौती पर पुनर्विचार किया जाए। यूनियन ने 39 माह के एरियर और लंबित वेतन समझौते का शीघ्र भुगतान, इंसेंटिव स्कीम का पुनर्निर्धारण, सेल की सभी इकाइयों में समान अवकाश व्यवस्था लागू करना, फेस्टिवल एडवांस बढ़ाकर 50 हजार रुपये करना तथा लंबे समय से स्थायी प्रकृति का कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों का नियमितीकरण की मांग की है। हैं। साथ ही नंदिनी अस्पताल में नियमित चिकित्सक, अटेंडेंट, मॉनिटर, ईसीजी मशीन तथा वार्डों में एसी की व्यवस्था करने की मांग भी रखी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


नगर पालिक निगम, भिलाई के
महापौर
नीरज पाल जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Birthday
7 June
विनीत : समस्त कांग्रेस पार्षद नगर निगम, भिलाई

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 7 जून 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04 दिखना है सबसे खूबसूरत तो...

लाइव इवेंट

## एक शाम अदब के नाम में गीत, ग़ज़ल और शायरी ने बांधा समां



**भिलाई।** साहित्यिक संस्था एकत्र के तत्वावधान में सेक्टर-7 स्थित रशियन कॉम्प्लेक्स में एक शाम अदब के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गीत, ग़ज़ल और शायरी की इस महफिल में नगर के प्रतिष्ठित कवि, शायर एवं साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था अध्यक्ष महेश कुमार विनोदिया द्वारा अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ शायर डॉ. साकेत रंजन प्रवीर, शायर मुमताज भारती उपस्थित रहे। कवयित्री शुचि भवि ने प्रभावशाली संचालन किया। काव्य गोष्ठी का आगाज डॉ. नौशाद सिद्दीकी 'सब्र' की हास्य रचनाओं से हुआ। नीलम जायसवाल की कविताओं और आलोक नारंग की ग़ज़लों को श्रोताओं ने खूब सराहा। वरिष्ठ कवि शरद कोकास की मुक्तछंद रचनाओं ने कार्यक्रम को गंभीर वैचारिक आयाम दिया। मिर्ज़ा इसराइल बेग की ग़ज़लों ने भरपूर वाहवाही बटोरी, वहीं नूर सबा खान की ग़ज़लों ने अपनी अलग छाप छोड़ी। शुचि भवि की रचनाओं ने भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। मुख्य अतिथि मुमताज भारती की ग़ज़लों में समसामयिक सामाजिक सरोकारों की झलक दिखी। अध्यक्ष डॉ. साकेत रंजन प्रवीर की ग़ज़लों में इश्क़, एहसास और रंग-ए-तग़ज़्ज़ुल का सुंदर मुजाहिरा देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन आयोजक महेश कुमार विनोदिया दवरा सभी का आभार व्यक्त कर किया गया। इस अवसर पर जगजीत सिंह भाटिया, जानकी प्रसाद, हरिकिशन सिंह केन सहित बड़ी संख्या में साहित्य एवं ग़ज़ल प्रेमी मौजूद रहे। इस आयोजन में साहित्य, कविता और ग़ज़ल के माध्यम से संवेदनाओं, विचारों और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रस्तुत किया गया।




लाइव इवेंट

## जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग का बताया महत्व



**भिलाई।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने प्रकृति संरक्षण, वृक्षारोपण और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। महाविद्यालय ने वी वाय टी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग द्वारा लॉयन्स क्लब दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान के अंतर्गत परिसर में आयोजित पौधारोपण में भाग लेकर सभी को पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और समाज में हरित वातावरण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। सभी कार्यक्रम में विद्यार्थियों मे अरुण साहू, प्रकाश कश्यप, सुरेश बारसागड़े, हेमंत सोनकर ने पर्यावरण बचाने से संबंधित अपनी राय रखी और लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने अपने संबोधन में पेड़-पौधों के महत्व, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर यशवंत साहू, धनराज भोयर, ईशा देशमुख गौरव मनहरे ने अपना योगदान दिया।



राज्य चैंपियनशिप के लिए दोनों वर्गों से दो बालक-दो बालिका होंगे चयनित, खालसा कॉलेज में दो दिवसीय स्पर्धा शुरू

# जिला स्तरीय अंडर-9 और अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप का हुआ आगाज, 88 खिलाड़ी दिमागी कसरत से बनेंगे विजेता

**छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ और जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग में किया गया है। प्रदेश संघ के निर्देशन और प्रदेश महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा खालसा एजुकेशन सोसायटी के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-9 एवं अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ शुक्रवार को खालसा कॉलेज दुर्ग में हुआ।**



**दुर्ग।** 6 और 7 जून तक चलने वाली इस स्पर्धा में जिले के कुल 88 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। दोनों आयु वर्गों से दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन आगामी राज्य शतरंज चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।दो दिवसीय शतरंज स्पर्धा में के उद्घाटन समारोह में खालसा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुनीता बोकार्डे मुख्य अतिथि रहीं और समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।विशिष्ट अतिथि के रूप में डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ. अनुराग बख्शी, लिनेस क्लब दुर्ग सिटी की अध्यक्ष आकांक्षा तिवारी मिश्रा और सुरेन्द्र बल्लेवार उपस्थित थे।

स्पर्धा की जानकारी देते हुए जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि अंडर-9 एवं अंडर-17 वर्ग में बालक-बालिका श्रेणी से कुल चार-चार खिलाड़ियों को राज्य स्तर के लिए चुना जाएगा।

मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता बोकार्डे ने कहा कि स्कूल-कॉलेज में विद्यार्थियों को शतरंज खेलने



के अवसर तो मिलते हैं, लेकिन विद्यालय परिसर से बाहर निकलकर उन्हें प्रतियोगी वातावरण देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला शतरंज संघ बच्चों के बौद्धिक विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए जो कार्य कर रहा है, वह वास्तव में अनुकरणीय है।

### बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ बढ़ती तार्किक शक्ति

अध्यक्षीय उद्बोधन में समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने कहा कि पहले खेलों को इतनी प्राथमिकता और सुविधाएं नहीं मिल पाती थीं जितनी आज मिल रही हैं। लगातार शतरंज प्रतियोगिताएं होने से बच्चों के बौद्धिक विकास, एकाग्रता, निर्णय क्षमता और तार्किक सोच को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने शतरंज के विकास के लिए संघ के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

### बच्चों को अपने ही क्षेत्र में मिला प्रतिभा का अवसर

विशेष अतिथि डॉ. अनुराग बख्शी ने शतरंज को बच्चों की स्मरण शक्ति और निर्णय क्षमता विकसित करने वाला श्रेष्ठ खेल बताया। आकांक्षा तिवारी मिश्रा ने कहा कि पहले खिलाड़ियों को दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब दुर्ग जिले में नियमित प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपने ही क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। ऐसे आयोजन सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### निर्णायक की बढ़ी जिम्मेंदारी

स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा हैं। डिप्टी चीफ आर्बिटर के रूप में दिव्यांश उपाध्याय, मुदिता पांडे और विक्रम सिंह राजपूत जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, दिनेश जैन, गुलाब चौहान, जयंता दास, अजय साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव तुलसी सोनी और आभार प्रदर्शन अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि यह चैंपियनशिप जिले में शतरंज को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही बच्चों को अपनी दिमागी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का उचित मंच भी मिलता है।



## कलश यात्रा से हुई पांच दिवसीय श्रीराम कथा की शुरुआत, शिव विवाह से सुंदरकांड तक जानेंगे प्रसंग

**भिलाई।** खुर्सीपार के बालाजी नगर स्थित राम जानकी मंदिर, वार्ड क्रमांक 44 में 5 जून से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। कथा का समापन 9 जून को पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ होगा। कथा वाचक पूज्य श्रवण महाराज दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का वाचन कर रहे हैं। आयोजनकर्ता सुमित्रा देवी और फौजी राम प्यारे ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा के प्रथम दिन 5 जून को राम जानकी मंदिर से लगभग 60 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा खुर्सीपार क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस मंदिर परिसर में समाप्त हुई। कलश यात्रा में महिलाएं भक्ति के रंग में डूबी हुई और उत्साहित दिखाई दी। पांच दिवसीय कथा के दूसरे दिन 6 जून को शिव विवाह, 7 जून को श्रीराम कथा, 8 जून को सीताराम विवाह और 9 जून



को सुंदरकांड एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। पूर्णाहुति के बाद सभी भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी भक्तजनों से श्रीराम कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। इस धार्मिक आयोजन में पिंटू सिंह, लालू सोनी के साथ ही जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह की सदस्य सुशीला देवी, कल्याणी मिश्रा, प्रमिला पाल, एकता साहनी, सुनैना चौधरी, रीना साहनी सहित अन्य महिला-पुरुष श्रद्धालु व्यवस्था संभाल रहे हैं। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

## आज से गूंजेगी भागवत कथा राज कृष्णा शास्त्री करेंगे रसवर्षा

**दुर्ग।** सुभाष नगर स्थित तलवार भवन के पास 7 जून से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। गुप्ता परिवार के तत्वाधान में होने वाली इस कथा का वाचन श्री धाम सेवा ट्रस्ट, वृंदावन के कथा प्रवक्ता राज कृष्णा शास्त्री महाराज करेंगे। यह आयोजन 7 जून से 14 जून तक



प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक चलेगा। आयोजकों ने धर्मप्रेमी श्रोतागणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा का श्रवण करने की अपील की है। तलवार भवन के पास सुभाष नगर में कथा स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कथा का वाचक राज कृष्णा शास्त्री महाराज द्वारा किया जाएगा। वे धाम सेवा ट्रस्ट, वृंदावन से संबद्ध हैं। आयोजकों ने सुभाष नगर सहित दुर्ग-भिलाई के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित पधारकर श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का लाभ लें।

विश्वदीप स्कूल के 2006 बैच ने दी मिसाल- डॉक्टर, वकील, सीए से लेकर क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता टीम के सपोर्ट स्टाफ तक बैच में शामिल

कार्नर न्यूज

## 180 पूर्व विद्यार्थियों का एलुमनाई नेटवर्क, दुबई-लंदन से अमेरिका तक जुड़े साथी, रि-यूनियन पर विद्यालय को दिए 2 लाख और स्पोर्ट्स किट

**दुर्ग।** विश्वदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दुर्ग के एलुमनाई बैच 2006 ने अपने रीयूनियन 2026 के अवसर पर विद्यालय को 2 लाख रुपये की राशि और विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री भेंट कर विद्यालय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, दुबई, लंदन और अमेरिका सहित देश-विदेश में बसे लगभग 180 पूर्व विद्यार्थियों से जुड़े इस नेटवर्क ने विद्यालय के विकास और खेल प्रोत्साहन के लिए यह योगदान दिया।

इस बैच में डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, उद्योगपति, शिक्षाविद, प्राचार्य, बैंकिंग विशेषज्ञ और आईटी पेशेवरों के साथ इस बैच की एक सदस्य भारतीय महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा रही है, जिसकी सराहना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी कर चुके हैं।

### कुछ छात्र नही हुए उपस्थित, फिर भी किया सहयोग

कुछ साथियों द्वारा बनाए गए एक छोटे से व्हाट्सएप समूह से शुरू हुई यह पहल धीरे-धीरे एक बड़े एलुमनाई नेटवर्क में बदल गई। आज लगभग 180 पूर्व विद्यार्थी भारत और विदेशों के विभिन्न शहरों से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। विभिन्न स्थानों पर रहने वाले




पूर्व विद्यार्थियों ने इस अभियान में सहयोग दिया। कई पूर्व छात्र कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, फिर भी उन्होंने आर्थिक योगदान देकर अपनी सहभागिता निभाई।

पूर्व विद्यार्थियों ने बताया कि यह रीयूनियन केवल पुराने मित्रों से मिलने का अवसर नहीं था, बल्कि उस विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी माध्यम था जिसने उन्हें अनुशासन, जिम्मेदारी और समाज को वापस लौटाने की सीख दी। इसी भावना के साथ बैच ने विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के खेल प्रोत्साहन के लिए दो लाख रुपये की राशि और खेल सामग्री प्रदान करने का निर्णय लिया।

### प्रबंधन ने पूर्व छात्रों की सराहना

विद्यालय प्रबंधन ने एलुमनाई बैच 2006 के इस योगदान को अनुकरणीय बताया। प्रबंधन का कहना है कि पूर्व छात्रों का इस तरह आगे आना वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगा। खेल सामग्री मिलने से स्कूल में खेल गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी और दो लाख की राशि से विद्यालय विकास के कार्य किए जाएंगे। विद्यालय को प्रिंसिपल ने कहा कि यह रीयूनियन इस बात का उदाहरण बना है कि शिक्षा सिर्फ करियर नहीं बनाती, बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी गढ़ती है। विश्वदीप स्कूल का यह बैच अब देश-विदेश में अपनी सफलता की कहानी लिख रहा है, पर अपनी जड़ों से जुड़ाव नहीं भूला।



● सभी शासकीय और अशासकीय सहित शिक्षण संस्थानों में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम, धरती का श्रृंगार और रक्षा करने ली शपथ

# ट्विनसिटी में हरियाली बिखेरने लोगों ने लिया संकल्प

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा बड़ा ने पौधारोपण कर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्ष लगाए तथा उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जन्मदिन, विशेष अवसरों एवं सामाजिक आयोजनों में पौधारोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एस. के. राय, सुरेश कुमार, महेंद्र कुमार साहू सहित स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## अग्रवाल युवा मित्र मंडल ने किया पौधा वितरण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अग्रवाल समाज दुर्ग की इकाई अग्रवाल युवा मित्र मंडल द्वारा शहर में पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने नागरिकों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया। कमल नारायण रूंगटा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संरक्षक कैलाश रूंगटा एवं सुधीर अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज दुर्ग सदैव सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। अध्यक्ष ललित सेक्सरिया एवं महासचिव प्रह्लाद रूंगटा ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर इस अवसर पर विमल राजगढ़िया, संजय गर्ग, पंकज किरतुका आदि मौजूद थे।

## मेरा पौधा मेरी जिम्मेदारी अभियान में रोपे पौधे



श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के विज्ञान क्लब के तत्त्वाधान में पर्यावरण दिवस पर विज्ञान क्लब प्रभारी डॉ. प्राची निमजे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेरा पौधा मेरी जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत शिक्षकों, कर्मचारियो, विद्यार्थियों ने संकल्प पत्र के जरिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा भी समय समय पर वृक्षारोपण स्वच्छता एवं हरित जागरुकता के कार्यक्रम परिसर एवं गोद ग्राम में संचालित किए जाते हैं। कार्यक्रम में विश्वविविद्यालय की कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट, डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. दीपक कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने रोपे पौधे।

## पोस्टर और निबंध स्पर्धा में दिखाया पर्यावरण संरक्षण



शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने पौधरोपण कर कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबका महत्वपूर्ण दायित्व है, पर्यावरण प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प भी आप सब को लेना चाहिए। डॉ. सुषमा यादव राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ने वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया। इस दौरान पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में पद्मावती ठाकुर प्रथम, हीना, आरती निर्मलकर द्वितीय, वैभवी साहू, मानसी नेताम तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में सुषमा बांधे-प्रथम, तुष्मा नेताम द्वितीय, नीलिमा साहू - तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. ऋतु दुबे उपस्थित रही।

## भारती विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारती विश्वविद्यालय दुर्ग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. डॉ. आलोक भट्ट ने वृक्षों के महत्व, उनके संरक्षण, बढ़ती वैश्विक गर्मी तथा लगातार घटते जल स्तर जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पूर्व महापौर और शहर कांग्रेस कमेटी सदस्य धीरज बाकलीवाल, राजेन्द्र साहू, जयंत देशमुख तथा गुरमीत सिंह भाटिया विशेष रूप से उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रबंध निदेशक जय चंद्राकर, सीईओ प्रभजोत सिंह भुई, डॉ. मानस रंजन होता, डॉ. एके दुबे, डॉ. स्वाति पाण्डेय, डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. अजय सिंह, डॉ. नीतू श्रीवास्तव, डॉ. आस्था चतुर्वेदी, लव ताम्रकार, आराध्या पाठक सहित विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी विश्वविद्यालय परिसर तथा अपने-अपने क्षेत्रों में पौधरोपण किए




## अजेय भारत संगठन ने लगाए पौधे, देखभाल का लिया संकल्प



**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को धार्मिक एवं सामाजिक संगठन अजेय भारत ने सिविल लाईन चौक में वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक बोर्ड के सेवानिवृत्त क्षेत्रीय अधिकारी गणेश देशपांडे ने की। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद दीपक साहू, रोमनाथ साहू, कृष्ण देशमुख मौजूद रहे। सुमित अग्रवाल ने कहा कि पृथ्वी का तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा है, यदि अभी भी समय रहते हुए पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता नहीं आई, तो इसके भयानक परिणाम देखने को मिलेगा। पृथ्वी पर बरसात की बूंदे पड़ने पर हम और आप सभी। मिलकर बड़ा वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में धन्ना सिंह राजपूत, तामेश्वर यादव, रविंद्र सिंह चंदेल, अभय तिवारी, ऋषिकांत तिवारी ,प्रफुल्ल जोशी आदि मौजूद थे।

## महिला थाना परिसर में पौधारोपण



**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल ब्लू क्रॉस एंड ब्लू क्रिसेंट मूवमेंट्स के छत्तीसगढ़ चैप्टर की दुर्ग जिला इकाई द्वारा महिला थाना दुर्ग परिसर में पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी टीआई नीता सहित समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया गया। संस्था की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सम्मान स्वरूप एक-एक पौधा भी भेंट किया गया। संस्था की नेशनल डायरेक्टर सरस्वती धानेश्वर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण प्रकृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का माध्यम भी। इस अवसर पर संस्था के डिस्ट्रिक्ट कमांडर तरन सुरी, नीलम बैनर्जी, ममता गोस्वामी, सुनीता मुरकुटे, अभिषेक शर्मा, करना गुप्ता, राधिका देवांगन, अविनाश वैष्णव, लीगल हेड पुष्पलता साहू, सीमा हिरवानी, मोनिका सिंह, संगीता चंद्राकर, सीमा मेश्राम आदि उपस्थित थे।

## विधायक चन्द्राकर ने लगाए गुलमोहर व नीम के पौधे



**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रुआबांधा, वार्ड -5 में भारतीय जनता पार्टी, रिसाली मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक ललित चन्द्राकर ने कार्यकर्ताओं के साथ गुलमोहर, नीम का वृक्ष लगाया। उन्होंने कहा कि जब हर घर से एक पेड़ लगेगा, तो रिसाली-दुर्ग का तापमान खुद-ब-खुद 2 डिग्री कम हो जाएगा। इस दौरान अनुपम साहू, शकुंतला दास, संध्या मंडलोई, सोनू राम सिंग, रमा साहू, सीमा साहू, सारिका साहू धर्मेन्द्र भगत आदि उपस्थित थे।

## हरियाली लौटाने शांति का दान और 11 पेड़ लगाने का दिलाया संकल्प





**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एचआईजी 1083 केंद्र में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विशेष नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पेड़ों के महत्व और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी लोगों को संकल्प दिलाया गया कि वे अपने आसपास कम से कम 11 पेड़ अवश्य लगाएं और उनका पालन-पोषण भी करें। कार्यक्रम में बताया गया कि पेड़ जहां होते हैं, वहां का वातावरण शीतल और सुखदायी होता है। प्रकृति हमें सब कुछ देती है, लेकिन हमने उसका दोहन किया है जिसकी कीमत आज चुकानी पड़ रही है। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि मनुष्य सोचता है कि एसी, कूलर से काम चल जाएगा, परंतु यह समाधान स्थायी नहीं है। असली राहत केवल हरियाली से ही संभव है।धरती मां दुखी है विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जो धरती एक समय हरियाली से भरपूर थी, आज वहां हरियाली गायब हो गई है। हम सबको प्रकृति को शांति का दान देना चाहिए। यही शांति हमारे शरीर की प्रकृति को भी शांत रखेगी। इस भाव को मजबूत करने के लिए कार्यक्रम में विशेष योग कमेंट्री भी कराई गई। सभी उपस्थित जनों ने दिल से संकल्प लिया कि वे पौधरोपण करेंगे और लगाए गए पौधों की देखभाल करेंगे। यह प्रयास न केवल हमारे लिए बल्कि अगली पीढ़ी के लिए बड़ी धरोहर सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी को पौधे वितरित किए गए। साथ ही विशेष पौधों के गुण और विशेषताएं भी विस्तार से बताई गईं ताकि लोग सही जानकारी के साथ रोपण कर सकें। ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल बाहरी कार्य नहीं, बल्कि आंतरिक शांति से भी जुड़ा है। जब मन शांत होगा तभी प्रकृति के प्रति संवेदना जागेगी।

## छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज कुम्हारी में पौधारोपण




**भिलाई।** कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। संस्थान परिसर में मुख्य अतिथि सलभ केडिया, राजेश गौरम, आनंद राय, बीके सिंह, सचिन देवनाथ, पप्पू सिंह सहित कर्मचारियों ने पौध रोपण किए। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ला और आभार प्रदर्शन अमित दीक्षित ने किया।

## वृक्षारोपण कर पौधों की सुरक्षा का लिया जिम्मा

**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जय बालाजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड औद्योगिक विकास केंद्र रसमड़ा-बोरई दुर्ग में विविध पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम के अनुरूप प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान, वायु, जल एवं मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने तथा प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग को रोकने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पर्यावरणीय संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। प्रबंधक शिशिर पात्रा, संदीप नायर, सुभ्रत मुखर्जी, संजय गुप्ता, गुरुदेव यादव, वीरेंद्र शर्मा, मानस मोहंती, जोश डेनियल, जी.पी. तिवारी, आनंद तिवारी, विवेक इंगले, तरुण नायक, तपन राउत, आर.आर. दास, कुंदन सिंह, प्रदीप बलिहार सिंह, तरुण गुप्ता, तरुणकांता नायक, सुशील केसरी सहित अन्य मौजूद थे।



## अद्विता का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई का नाम वैश्विक पटल पर रोशन करते हुए डीपीएस भिलाई की कक्षा चौथी की छात्रा अद्विता जिप्पोराह नवभक्तुला ने आधिकारिक तौर पर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। एल पॉकेट मरोदा सेक्टर निवासी बीएसपी कर्मचारी संदीप कुमार नवभक्तुला की पुत्री अद्विता की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में गौरव और हर्ष का माहौल है।

हैदराबाद के विक्ट्री ऑडिटोरियम में हैलेल म्यूजिक स्कूल द्वारा आयोजित गिनीज अचीवर्स मीट समारोह में उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के आधिकारिक प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह वैश्विक रिकॉर्ड कार्यक्रम 2 फरवरी को आयोजित किया गया था, जिसमें दुनिया के 22 देशों के 2,000 कीबोर्ड वादकों ने लगातार एक घंटे तक बिना रुके शानदार प्रस्तुति दी थी। इस कड़े परीक्षण के बाद, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा केवल 777 सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को लार्जेस्ट इलेक्ट्रॉनिक कीबोर्ड एन्सेम्बल के वैश्विक खिताब के लिए आधिकारिक मान्यता दी गई, जिनमें भिलाई की अद्विता भी शामिल हैं। समारोह के दौरान, हैलेल म्यूजिक स्कूल के संस्थापक ऑगस्टिन दांदिनगी ने अद्विता को प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनकी कड़ी मेहनत, संगीत के प्रति समर्पण और इतनी कम उम्र में इस असाधारण प्रतिभा की सराहना की।

कार्नर न्यूज

पदुमनगर में 16 साल से शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण दे रही संस्था

## पांच वर्ष की उम्र से तबला सिखाने वाले पं. पार्थ सारथी ने छात्रों को दिए टिप्स, सिखाया अनुशासन



**भिलाई।** साई संगीत कला केंद्र, पदुमनगर भिलाई-3 में रविवार को तबला वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सुबह 9 से 11 बजे तक चले इस वर्कशॉप में तबला के जाने-माने कलाकार पंडित पार्थसारथी मुखर्जी ने छात्रों को वाद्य यंत्र की बारीकियां सिखाईं। पंडित मुखर्जी ने बताया कि उन्होंने मात्र 5 वर्ष की उम्र से तबला वादन सीखना शुरू किया था। वर्तमान में वे देश-विदेश में कई शास्त्रीय संगीत कार्यक्रमों में विशिष्ट कलाकार के तौर पर आमंत्रित किए जाते हैं।



### लय, ताल और जटिल बोलों का संगम

वर्कशॉप में उन्होंने कहा कि भारतीय संगीत, विशेषकर हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में तबला सबसे प्रमुख और लोकप्रिय ताल-वाद्य है। इसमें लय, ताल और जटिल बोलों का अद्भुत संगम होता है। उन्होंने छात्रों को कायदा, तिहाई और टुकड़ा जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी और अभ्यास कराया। खास बात यह रही कि वर्कशॉप में केवल तबला के छात्रों ने ही नहीं, बल्कि कथक, गायन, भरतनाट्यम, गिटार एवं कीबोर्ड के छात्रों ने भी हिस्सा लिया और तबले की लयकारी का आनंद लिया। साई संगीत कला केंद्र पदुमनगर क्षेत्र में पिछले 16 वर्षों से बच्चों को शास्त्रीय संगीत कला का प्रशिक्षण दे रहा है। संस्था समय-समय पर विभिन्न प्रख्यात कलाकारों को आमंत्रित कर छात्रों को शास्त्रीय संगीत में निपुण करने का प्रयास करती रहती है। संस्था द्वारा इससे पहले डॉ. सतीश इंदुरकर द्वारा गायन कला का वर्कशॉप और डॉ. नागराजन द्वारा मोहन वीणा वाद्य यंत्र का वर्कशॉप भी आयोजित किया जा चुका है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के पदाधिकारियों ने पंडित पार्थसारथी मुखर्जी का आभार जताया। छात्रों ने कहा कि ऐसे वर्कशॉप से उन्हें बड़ी सीख मिलती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंडिया ए टीम के श्रीलंका दौरे के लिए रायपुर के आयुष चयनित



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा इंडिया ए टीम के आगामी श्रीलंका दौरे के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ में बाए हाथ के सलामी बल्लेबाज़ आयुष पांडेय का 15 खिलाड़ियों में चयन किया गया है। इस टीम के कप्तान ध्रुव जुरेल व उप कप्तान देवदुत्त पडिकल है। राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने आयुष के चयन पर उन्हें शुभकामनाये प्रेषित की है। आयुष के पिछले रणजी सीजन की बात करे तो उन्होंने 573 रन 10 मैचेस में 57.3 के औसत से बनाये है। जिसमे 2 शतक व 2 अर्धशतक शामिल थे।

### सब जूनियर बॉक्सिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भिलाई में



**रायपुर।** नेताजी सुभाष स्टेडियम मे सब जूनियर (बालक बालिका ) बॉक्सिंग चयन स्पर्धा का आयोजन शनिवार को किया गया। समे रायपुर जिले के लगभग 25 बालक बालिका खिलाड़ियों ने अपने खेल जौहर का प्रदर्शन किया। विदित हो की भिलाई के जवाहर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मे 10 से 12 जून तक छत्तीसगढ़ राज्य की बालक बालिका टीम का चयन होगा जो 23 से 29 जून तक जालंधर मे होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा मे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त स्पर्धा को सफल बनाने मे प्रकाश ठाकुर,नविन दास, विवेक साहू, सोनू ध्रुव, आकाश साहू और हिमांशु पाण्डेय का सहयोग रहा। चयनित खिलाड़ियों में 33-35 किग्रा बालक - सुल्तान बेग,37-40 किग्रा बालक - केशव नेताम, 40-43 किग्रा- आदर्श तिवारी, 52-55 किग्रा- गगन जायसवाल और +70 किग्रा- वेदार्थ पिल्लाई है। बालिका वर्ग मे 43-46 किग्रा, सृष्टि कुजूर, 49-52 किग्रा और ईवा नेवन्द्र शामिल हैं।

### राष्ट्रीय किकबाक्सिंग में छत्तीसगढ़ को 5 स्वर्ण सहित 30 पदक



**रायपुर।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में ओडिशा एसोसियेशन के तत्वाधान में के टी ग्लोबल स्कूल में जूनियर (बालक-बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 30 मई से 03 जून तक किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से 650 खिलाड़ियों एवं 200 ऑफिशियल ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राज्य के 39 जूनियर वर्ग बालक बालिका खिलाड़ियों ने किकबॉक्सिंग खेल की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में विभिन्न वजन वर्गो में भाग लिया। राज्य की टीम में विभिन्न जिलों के 39 खिलाड़ी एवं 9 ऑफिशियल, कोच एवं रेफरी ने हिस्सा लिया।

जिलेवार परिणाम में कोरबा जिला- 1 स्वर्ण 2 रजत एवं 1 कांस्य कुल 4 पदक,प्रद्युम्न गोयल– स्वर्ण एवं रजतसृष्टि मिश्रा- रजत नमन प्रजापति- कांस्य पदक,बलौदा बाजार जिला- 1 स्वर्ण, 3 रजत कुल 4 पदक, सागर तुर्कर – स्वर्ण पदक, वैभव देवांगन- रजत पदक, सतीश पाल- रजतअंश गुप्ता रजत,रायपुर जिला- 2 स्वर्ण 4 रजत 7 कांस्य कुल 13 पदक, कृतिका कसेर- स्वर्ण एवं रजत वैभव गोयल- स्वर्ण एवं कांस्य, गुरवेंद्र साहू- रजत तन्मय सिंह – रजत हर्षित त्रिवेदी- रजत यशवर्धन दुबे- कांस्य मो असीम- कांस्य भाविक गोयल – कांस्य योगेश यादव- कांस्य धैर्य सिंह – कांस्य सुरभि ताम्रकार कांस्य बिलासपुर जिला- 2 रजत, 1 कांस्य कुल पदक 3,मोनिका साहू – रजतप्रांशु साहू – रजतहरिओम बुनकर – कांस्य दुर्ग जिला- 1 स्वर्ण 3 कांस्य सहित 4 पदक, सृजन चंद्राकर – स्वर्णवासु तांती – कांस्य निलेश जोशी – कांस्य आयुष सिंह- कांस्य सरगुजा जिला – 2 रजत कुल पदक 2 शौर्यवर्धन सिंह – रजत संगीता सिंह – रजत कोच- प्रभात साहू, सर्वर एक्का, लौकिता चौहान, हिमांशु बारमल, बरुन बाग़, मैनेजर-अमन सोनी, मोहित राम, कुलदीप गुप्ता, रेफरी- मयंक डडसेना, शुभम यादव शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल को किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा और महासचिव आकाश गुरुदीवान आदि ने बधाई दी है।

## आंखों में बदलाव से आप जान सकते हैं अपनी सेहत का हाल

# आंखों में होने वाले इन बदलावों हो जाएं गंभीर, आने वाले संकट का इशारा करती हैं निगाहें

विशेषज्ञों का मानना है कि आंखों में होने वाले बदलावों को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। कई बार ये शरीर में पनप रही गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकते हैं। पर इसका पता कैसे लगाया जाए, आइए जान लेते हैं।

क्या आप जानते हैं कि हमारा शरीर खुद ही संकेत देता है कि आप स्वस्थ हैं या नहीं? बस इसके लिए जरूरी है कि आप इन संकेतों को समय रहते पहचान जाएं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ आंखों को शरीर का आईना मानते हैं। आंखें सिर्फ दिल का हाल नहीं बतातीं, बल्कि शरीर के अंदर छिपी कई गंभीर बीमारियों का भी संकेत देती रहती हैं। हालांकि समस्या ये है कि आंखों के लक्षणों को हम अक्सर आंख में होने वाली कोई समस्या मानकर टालते रहते हैं।

डॉक्टर बताते हैं, आंखों में दिखाई देने वाले छोटे-छोटे बदलाव कई बार शरीर के भीतर हो रही बड़ी गड़बड़ी का शुरुआती अलार्म हो सकते हैं। आंखों का पीला दिखाई देना, चीजें धुंधली नजर आना या फिर आंखों के आसपास कोई उभार नजर आना, ये सभी लक्षण बताते हैं कि शरीर के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा और इसपर आपको तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, लिवर की बीमारियों से लेकर स्ट्रोक तक की पहचान आप आंखों में हो रहे



बदलावों की मदद से कर सकते हैं।

### आंखों में दिख रहे बदलाव को न करें इग्नोर

रिपोर्ट में हमने बताया कि किस तरह से आंखों में बदलावों की मदद से डायबिटीज और लिवर की समस्याओं का पता लगाया जा सकता है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमें खुद से ही नियमित रूप से आंखों में होने वाले बदलावों की गंभीरता से जांच करते रहना चाहिए।



इसके अलावा समय-समय पर आंखों की जांच कराते रहना भी जरूरी है। इससे कई बार ऐसी बीमारियों का पता लग सकता है जिनके दूसरे लक्षण अभी सामने भी नहीं आए होते।आइए जानते हैं आंखों में होने बदलाव शरीर में छिपी किन गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों का संकेत हो सकते हैं?

### कहीं आपको धुंधला तो नहीं दिख रहा?

धुंधला दिखाई देना आंखों की सबसे आम समस्या मानी जाती है। हालांकि कई बार ये समस्या गंभीर बीमारियों से भी जुड़ी हो सकती है। धुंधला दिखाई देना डायबिटीज का संकेत हो सकता है। डायबिटीज में हाई शुगर आंख के लेंस को प्रभावित करने लगती है, जिससे दृष्टि धुंधली हो सकती है। लंबे समय तक अनियंत्रित डायबिटीज से डायबिटिक रेटिनोपैथी विकसित हो सकती है, जिसमें रेटिना की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। हाई ब्लड प्रेशर भी आंखों की सूक्ष्म रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाकर दृष्टि प्रभावित कर सकता है।

### आंखों का हिस्सा हो गया है पीला?

आंखों में पीलापन (पीलिया) दिखना आंखों की नहीं असल में लिवर की बीमारी मानी जाती है। ये शरीर में बिलीरुबिन बढ़ने का संकेत होता है। बिलीरुबिन एक पीले रंग का अपशिष्ट पदार्थ होता है जो पुरानी लाल रक्त कोशिकाओं के टूटने पर प्राकृतिक रूप से बनता है। जब लिवर बिलीरुबिन को सही ढंग से प्रोसेस नहीं कर पाता तो



यह शरीर में जमा होने लगता है। हेपेटाइटिस, फैटी लिवर डिजीज, लिवर सिरोसिस जैसी समस्याओं में आंखों का पीला होना आम है।

### क्या आपकी आंखों के सामने छोटे धब्बे या धागे जैसे आकार तैरते हुए दिखाई देते हैं?

उम्र बढ़ने के साथ इसे सामान्य माना जाता है लेकिन कम उम्र में ये रेटिना की समस्याओं का संकेत हो सकता है। डायबिटीज, आंख में चोट या मायोपिया वाले मरीजों में यह जोखिम ज्यादा होता है।

### बदल गया है पुतलियों का आकार?

आंखों की दोनों पुतलियों का आकार अलग-अलग होना कई बार न्यूरोलॉजिकल समस्या का संकेत हो सकता है।स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, सिर की चोट, नसों की क्षति या मस्तिष्क में रक्तस्राव जैसी स्थितियों में पुतलियों का आकार बदल सकता है। यदि इसके साथ सिरदर्द, डबल विजन, चेहरे में कमजोरी या बोलने में कठिनाई हो तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।



संगीत और ऋषभ के बीच 99 रन की भागीदारी

## सी.सी.पी.एल में रायगढ़ ने दर्ज की शानदार जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के तृतीय संस्करण का आयोजन 03 जून से 14 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में जारी है। शनिवार को चौथे दिन का पहला मैच रायगढ़ लायंस ने जीता।

यहां पहला मैच राजनांदगांव पैंथर्स तथा रायगढ़ लायंस के मध्य खेला गया। राजनांदगाव पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। रायगढ़ लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 184 रनों का विशाल स्कोर बनाया। रायगढ़ लायंस की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज संगीत सोनी ने 59 रन तथा ऋषभ तिवारी ने 31 रनों का योगदान दिया, दोंनों के मध्य पहले विकेट के लिये 99 रनों की साझेदारी हुई। वहीं राजनांदगाव पैंथर्स की ओर से आर्यन जायसवाल तथा सत्यम दुबे ने 2-2 विकेट प्राप्त किए।



संगीत सोनी 59 रन

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगाव पैंथर्स 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 165 रन ही बना पायी। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से साहिल रजत शरीफ ने 38 रन, आशीष डहरीया ने 30 रन तथा अमन त्रिपाठी ने 27 रनों का योगदान दिया। वहीं रायगढ़ लायंस की ओर से प्रवीण कुमार यादव ने 3 विकेट, सौम्य केशरी तथा शुभम अग्रवाल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायगढ़ लायंस ने 19 रनों से मैच जीत लिया। प्रवीण कुमार यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

इसके पहले 05 जून शुक्रवार का पहला मैच सरगुजा टायगर्स तथा रायपुर रायनोस के मध्य खेला गया। रायपुर रायनोस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। सरगुजा टायगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 186 रन बनाये। सरगुजा टायगर्स की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज एवं कप्तान आशुतोष सिंह ने 65 रन बनाये, साथ ही आनंद राव ने नाबाद 44 रन तथा सानिध्य हुरकत ने 31 रनों का योगदान दिया। रायपुर रायनोस की ओर से आशिष चौहान तथा गौरव चतुर्वेदी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

187 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर रायनोस ने 19.1 ओवरों में 1 विकेट खोकर 189 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। उनकी शुरुवात अच्छी रही, प्रारंभिक बल्लेबाज अमनदीप खरे ने लगातार दो मैचों में शतक लगाते हुये 62 गेंदों में 11 चौको तथा 3 छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन बनाये। उनके अतिरिक्त अमित कुमार यादव ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुये 74 रन बनाये। दोनों के मध्य पहले विकेट के लिये रिकार्ड 155 रनों की साझेदारी हुयी। सरगुजा टायगर्स की ओर से हर्ष यादव ने 1 विकेट प्राप्त किया। रायपुर लायंस ने 9 विकेट से मैच जीत लिया। अमनदीप खरे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।



अमनदीप और अमित के बीच पहले विकेट के लिए 155 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी

## नेशनल बास्केटबाल की स्वर्ण पदक विजेता बालिका टीम का सम्मान किया डॉ रमन ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने निवास में 76वी जूनियर नेशनल बास्केटबॉल की स्वर्ण पदक विजेता बालिका बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षको का सम्मान किया । इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने सभी छत्तीसगढ़ के बालिका खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षको को बधाई दी एवं अपने स्वेक्षा निधि से 15,000 रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जब वो 15 वर्ष मुख्यमंत्री थे तब प्रख्यात बास्केटबॉल कोच राजेश पटेल (अब दिवंगत) ने हमेशा राज्य का मान बढ़ाया था और उनके रहते हुए छत्तीसगढ़ बालिका बास्केटबॉल टीम ने पूरे देश मे अपनी छाप छोड़ी थी। अभी 11 वर्षो के बाद एक बार फिर से छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल बालिका टीम ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है एवं इसी तरह छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम नई ऊँचाई पर पहुचे। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया ने भी छत्तीसगढ़ की बालिका टीम को बधाई दी एवं उन्हें हर संभव मदद करने की बात कही। संघ से अमर पारवानी के ने सभी खिलाड़ियों को 5100 रुपये देने की घोषणा की ।

■ प्रख्यात बास्केटबॉल कोच राजेश पटेल का योगदान याद किया रमन ने

छत्तीसगढ की बालिका टीम में अंजली कोडापे (कप्तान), अदिति कोडापे, अंजनी, रूमी कोनवर, सोफी सिका, नंदनी माधो प्रधान, नताशा प्रजापति ( सभी राजनांदगांव), दिव्या रंगारी(महासमुंद), पारूल वर्मा और नित्या पांडे (रायपुर), कलश झा एवं सारा सिंह (भिलाई), टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच लुमेन्द्र साहू (एस ई सी आर,बिलासपुर), मैनेजर अनिता तिर्की (सरगुजा जिला) है। इस उपलब्धि पर प्रदेश बास्केटबॉल संघ से अनिल पुसदकर, अमर परवानी, पीताम्बर गुप्ता, राजेश पांडेय, प्रमोद सिंह ठाकुर, परविंदर सिंह ग्रेवाल, इक़बाल अहमद ख़ान, आनंद सिंह, राजेंद्र तंबोली, राजेश प्रताप सिंह, सुमित उपाध्याय, नामिताभ जैन, अमित मंडल, उमेश सिंह ठाकुर, सुधीर राजपाल और वीरेंद्र देशमुख आदि ने बधाई दी है।

## स्प्राउट्स भी बन सकते हैं बीमारी की वजह



अगर आपको भी लगता कि हर रोज स्प्राउट्स खाकर आप हेल्दी रह सकते हैं तो ये खबर आपके लिए है। क्योंकि स्प्राउट्स खाने का गलत तरीका आपको बीमार कर सकता है। स्प्राउट्स यानी अंकुरित अनाज को सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने और इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मदद करते हैं। यही वजह है कि कई लोग रोजाना नाश्ते में स्प्राउट्स खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्प्राउट्स को गलत तरीके से खाने से आपकी सेहत को नुकसान भी पहुंच सकता है? विशेषज्ञों के मुताबिक, स्प्राउट्स खाने में की गई कुछ गलतियों की वजह से आपकी तबीयत खराब हो सकती है। ऐसे में सिर्फ स्प्राउट्स खाना ही नहीं, बल्कि उन्हें सही तरीके से तैयार करना भी बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं स्प्राउट्स खाने का सही तरीका, इसके फायदे और किन लोगों को इसे खाते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### स्प्राउट्स खाने का सही तरीका

कच्चे की बजाय हल्का उबालकर खाएं। विशेषज्ञों के अनुसार स्प्राउट्स को 2-3 मिनट तक भाप में पकाकर या हल्का उबालकर खाना ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। इससे बैक्टीरिया का खतरा कम हो जाता है।

### अच्छी तरह धोना जरूरी

स्प्राउट्स खाने से पहले उन्हें साफ पानी से 2-3 बार अच्छी तरह धो लें। इससे गंदगी और हानिकारक तत्व हट जाते हैं।

## कार्नर न्यूज

### ऋतु मंडल बनीं दो स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

# विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत का दबदबा कायम, 22 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर

**रायपुर।** अहमदाबाद के ईकेए एरीना में आयोजित पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में मेजबान भारत ने तीसरे दिन भी अपना दबदबा बरकरार रखा। भारतीय खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों और स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में शीर्ष स्थान को और मजबूत कर लिया। भारत के बाद अर्जेंटीना दो स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ दूसरे तथा सिंगापुर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

विश्व योगासन चैंपियनशिप के तीसरे दिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन चर्चा का केंद्र रहा। पश्चिम बंगाल की ऋतु मंडल ने इतिहास रचते हुए प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। पारंपरिक योगासन सीनियर-ए महिला वर्ग में स्वर्ण जीतने के बाद उन्होंने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपनी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए रितु ने कहा कि एक स्वर्ण पदक जीतना उनके लिए सपना पूरा होने जैसा था, लेकिन दो स्वर्ण पदक जीतना उनकी




कल्पना से भी परे है।

अर्जेंटीना की नबीला सोल बराज़ा ने भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ट्विस्टिंग बॉडी सीनियर-ए महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। तीन दिनों में यह उनका दूसरा स्वर्ण पदक है। उनकी सफलता की बदौलत अर्जेंटीना पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं सिंगापुर के नथानिएल टैन ने भी अपना प्रभाव बनाए रखा। विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले गैर-भारतीय खिलाड़ी बन चुके नथानिएल ने ट्विस्टिंग बॉडी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण अंक जोड़े।

नेपाल ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। जापान की मियाको कुसुनोकी, नेपाल की दुर्गा पांता और अमेरिका के केमी ब्लेक ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को और रोमांचक बना दिया।

भारतीय खिलाड़ियों में दिलीप कुमार, बीरेंद्र यादव, गायत्री देवी, अनुराग मलिक, कुदुमुला वनाजा और इंदरजीत ने विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। प्रतियोगिता में भारत 122 सदस्यीय दल के साथ हिस्सा ले रहा है, जबकि खिलाड़ियों के बीच सब-जूनियर से लेकर सीनियर-सी वर्ग तक मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।

### विश्व मंच पर पहचान बना रहा योगासन: शेठ

योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने आईएनएच न्यूज से विशेष बातचीत में कहा कि पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप छह वर्षों की निरंतर मेहनत और सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि योगासन को खेल के रूप में स्थापित करने के लिए देशभर में कोच, तकनीकी अधिकारियों और खिलाड़ियों का मजबूत ढांचा तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि पहले जहां योगासन राष्ट्रीय स्तर तक सीमित था, वहीं अब यह विश्व मंच पर अपनी पहचान बना रहा है। उदित शेठ के अनुसार योगासन को केवल प्रदर्शनी खेल तक सीमित रखना उद्देश्य नहीं है। उनका लक्ष्य इसे राष्ट्रमंडल खेलों सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल स्पोर्ट के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि योगासन भारत द्वारा विकसित पारदर्शी स्कोरिंग प्रणाली इस खेल को वैश्विक स्वीकार्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' के बाद टॉम हॉलैंड के रिटायरमेंट की चर्चा



अभिनेता टॉम हॉलैंड अपनी फिल्म 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' के बाद पीटर पार्कर के किरदार से रिटायर हो सकते हैं। उन्होंने हाल में हुई एक बातचीत में कहा कि वह अब किसी नए अभिनेता के लिए पीटर पार्कर का रास्ता खोलना चाहते हैं।

फिल्म 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी ही रहती है। अब इसके मुख्य अभिनेता टॉम हॉलैंड को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जो फैंस के लिए चौंकाने वाली है।

अभिनेता टॉम हॉलैंड स्पाइडर मैन सीरीज की चार फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। मगर हाल ही में एम्पायर मैगजीन से हुई बातचीत में उन्होंने कहा, 'अगला किरदार चाहे माइल्स मोरालेस हो, स्पाइडर-ग्वेन हो, स्पाइडर-वुमन हो या ऐसा ही कोई और, मैं उसके अगले अध्याय की नींव रखने में अपना योगदान देना चाहूंगा। मैं नहीं जानता कि किस तरह मैं इसमें शामिल रहूंगा। मगर स्पाइडर मैन के किरदार को किसी और को सौंपने के बारे में सोच रहा हूं।'

इसके साथ ही 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज अब टॉम हॉलैंड और स्पाइडर मैन फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खास हो गई है। टॉम के इस बयान से फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि इस फिल्म में वो आखिरी बार स्पाइडर मैन और पीटर पार्कर के रूप में दिखाई देगें। टॉम ने साल 2016 में 'कैप्टन अमेरिका' से मार्वल की दुनिया में कदम रखा था। अब तक उन्हेंने तीन बार स्पाइडर-मैन फिल्मों में अभिनय किया है।

## टॉलीवुड

### बॉक्स ऑफिस पर 'करुप्पु' की कामयाबी से खुश हुए सूर्या, तोहफे में क्रू मेंबर्स को दी कार



साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या की नई फिल्म 'करुप्पु' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इसने तीसरे हफ्ते में दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म की कामयाबी से पूरी टीम खुश है। सूर्या ने इस फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए म्यूजिक कंपोजर साई अभ्यंकर, सिनेमैटोग्राफर जीके विष्णु और एडिटर सेल्वमणि को 30 लाख रुपये की कीमत की कारें गिफ्ट की हैं। सूर्या ने म्यूजिक कंपोजर साई अभ्यंकर को एक कार गिफ्ट की है। कंपोजर साई अभ्यंकर ने अपनी नई कार के साथ अपनी एक फोटो शेयर की और लिखा, 'सूर्या सर आपको प्यार।' पोस्ट में उन्होंने राजशेखर पांडियन और प्रोड्यूसर एसआर प्रभु को भी टैग किया है। सिनेमैटोग्राफर जीके विष्णु ने एक्स पर नई गाड़ी की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'बस भगवान की कृपा! धन्यवाद सूर्या सर। आपका दिल बहुत बड़ा है।'

एडिटर सेल्वमणि ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ एक फोटो शेयर की और लिखा 'बस भगवान की कृपा है। धन्यवाद सूर्या अन्ना। हमें जिंदगी भर का तोहफा मिला है।'

आपको बता दें कि 'करुप्पु' एक ऐसे रक्षक देवता की कहानी बताती है जो न्याय व्यवस्था से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए एक वकील के रूप में इंसान का रूप धारण करता है। इसमें सूर्या ने 'करुप्पुसामी' का किरदार निभाया है, जबकि तृषा कृष्णन ने 'प्रीति' का किरदार निभाया है। बालाजी ने विलेन 'बेबी कन्नन' का किरदार निभाया है। फिल्म का निर्देशन आरजे बालाजी ने किया है। 'करुप्पु' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वर्ल्डवाइड जहां इसने 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 17 दिनों में 182।45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## भोजपुरी

### खेसारी का 'पैर छूने' विवाद पर पलटवार, रवि के लिए कही यह बात



भोजपुरी सिनेमा के स्टार्स खेसारी लाल यादव और रवि किशन के बीच जुबानी जंग छिड़ी है। पहले रवि किशन ने खेसारी को कहा था कि वो घुटना छूते हैं, पैर नहीं। अब इसी पर खेसारी ने उन्हें तगड़ा जवाब दिया है। भोजपुरी सिनेमा के दो सुपरस्टार्स के बीच जुबानी जंग बढ़ती ही जा रही है। एक्टर खेसारी लाल यादव ने कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान सांसद और एक्टर रवि किशन के साथ-साथ पवन सिंह पर भी सीधा हमला बोला था। खेसारी ने न सिर्फ रवि किशन की नकल की, बल्कि बेबाकी से यह भी कहा कि रवि किशन को 'मेरे पिता की नकल करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।' उन्होंने पवन सिंह पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि वह 'सिर्फ दो पैग पीकर ही नशे में धुत हो जाते हैं।' फिर रवि किशन ने भी खेसारी पर कटाक्ष किया था। तब से लेकर अब तक दोनों के बीच जुबानी जंग होती रहती है। अब हालिया इंटरव्यू में खेसारी ने फिर से इस पर बात की है। जिंदाबाद से बातचीत में खेसारी लाल यादव ने कहा, 'दुनिया में जो सच में बड़े और अच्छे लोग होते हैं, वो किसी को अपने पैर छूने तक नहीं देते। उनके अंदर एक अलग तरह का बड़प्पन होता है। हम आज भी अपने पिता के पैर छूते हैं, क्योंकि उन्होंने हमें जन्म दिया है, लेकिन हम उनके भी घुटनों तक हाथ लगाकर आशीर्वाद लेते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'हो सकता है रवि भैया को लगा हो कि मुझे उन्हें दंडवत प्रणाम करना चाहिए था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उन्होंने भी अपने हर बड़े को दंडवत प्रणाम किया होगा।

## लाइफ स्टाइल



**मौसम का जादू**

स्प्रिंग-समर सीज़न में यूरोपियन फैशन शो ने अपनी अलग पहचान और सहज सुंदरता को खास अहमियत दी है। इसमें चटक रंगों, मज़ेदार टेक्सचर और शानदार, आरामदायक टेलरिंग का मेल देखने को मिला है। डिज़ाइनर अब ऐसे कपड़ों पर ज़्यादा ज़ोर दे रहे हैं जो बेहद आकर्षक हों और जिन्हें आसानी से पहना जा सके।

# खो रही है हाथ-पैर की नमी तो घबराएं नहीं, करें इनका इस्तेमाल



रोजमर्रा की जिंदगी में कई चीजें ऐसी होती हैं, जिनके इस्तेमाल से हाथ-पैर काफी रूखे होने लगते हैं। इन चीजों कठोर साबुन, केमिकल प्रोडक्ट और अगरबत्ती शामिल होती हैं। इनके साथ ही मौसम का सीधा असर भी हाथ-पैर पर पड़ता है। आप बदलते मौसम में ड्राई स्किन से परेशान हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

### नारियल का तेल

नारियल का तेल में कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा संबंधी परेशानियों को कम करते हैं। ये आमतौर पर सभी घरों में आसानी में मिल जाता है। ये आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कुछ बूंद तेल लेकर हाथ-पैर पर मालिश करनी है।

### एलोवेरा

एलोवेरा स्किन पर नमी बरकरार रखने में मदद करता है। ऐसे में आप बड़ी आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए बस एलोवेरा जेल लेकर हाथ-पैर पर लगाना है।

### शहद

अगर आप शहद का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो ये एक बेहतर विकल्प है। इसमें कई एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए बस आपको 10 से 15 मिनट तक शहद अपने हाथ-पैर पर लगाना है और फिर हाथ धो लेने हैं।

# दिखना है सबसे खूबसूरत तो पहनें इस तरह के लहंगे



तीज-त्यौहार हो या किसी पार्टी का मौका, हर महिला अपने श्रृंगार का विशेष ध्यान रखती हैं। ऐसे खास मौके पर अगर आप लहंगा पहनने का सोच रही हैं तो कुछ लेटेस्ट लुक आजमा सकती हैं। लहंगा लेने से पहले ये जरूर तय कर लें कि आप उसे किस तरह के कैरी करना चाहती हैं। अगर आप इस तरह से लहंगे को पहनना चाहती हैं तो इसका दुपट्टा काफी लंबा होना चाहिए।



### सिल्क लहंगा

आजकल इस तरह के सिल्क के लहंगे काफी चलन में हैं। ये आपको ऑनलाइन के साथ-साथ आसानी से बाजार तक में भी मिल जाते हैं। तीज के दिन ऐसा लहंगा पहनकर आप जलवा दिखा सकती हैं।



### नेट वाला लहंगा

स्लीवलेस ब्लाउज के साथ इस तरह का नेट वाला लहंगा देखने में काफी प्यारा लगता है। इस तरह के लहंगे के साथ ब्लाउज हमेशा अलग रंग का लेना चाहिए। ये आपके लुक को और खूबसूरत बनाता है।

### हैवी वर्क सिल्क लहंगा

अगर आपको सिल्क के फैब्रिक का लहंगा पसंद है लेकिन आप तीज पर कुछ हैवी पहनना चाह रही हैं तो इस तरह का लहंगा आपके लिए परफेक्ट है। इसे पहनकर आपका लुक काफी ग्लैमरस दिखेगा।

### ए लाइन लहंगा

ए लाइन लहंगा ज्यादा हैवी नहीं होता है। ये ज्यादा महंगा भी नहीं आता। आप हरतालिका व्रत की पूजा के लिए इस तरह का लहंगा खरीद सकती हैं। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

अगर आपको इनमें से कोई लहंगा पसंद नहीं आ रहा है तो आप अपनी शादी का लहंगा ही हरतालिका तीज की पूजा में पहन सकती हैं। ये आपकी शादी की यादों को ताजा कर देगा।

# नहीं पहननी चूड़ियां, तो ट्राई करें चूड़ा डिजाइन



अपने श्रृंगार के दौरान अगर आपको चूड़ियां नहीं पहनना चाहती तो चूड़े के अलग-अलग ऑप्शन ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके हाथ खूबसूरत लगेंगे। रेड मिनाकारी चूड़ा डिजाइन में पूरे चूड़े में हैवी वर्क किया जाता है। आसपास के कंगन में पर्ल लगाए जाते हैं, और चौड़े कंगन पर हैंड वर्क होता है। इस तरीके के चूड़े को आप साड़ी, सूट या फिर लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं।

मार्केट में आपको इस चूड़ें में मल्टीकलर और सिंगल कलर मिल जाएगा। कुंदन वर्क ज्वेलरी डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में है। इस डिजाइन वाले चूड़े को भी आप वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पतले कंगन में थोड़ा कुंदन वर्क (हाथों के लिए खूबसूरत बैंग्लस डिजाइन) मिलेगा। लेकिन चौड़े कंगन पर आपको ज्यादा कुंदन वर्क देखने को मिलेगा। इसमें आप चाहे तो लटकन वाले चूड़े को खरीद सकती हैं। वरना बिना लटकन वाले चूड़े के डिजाइन भी आपको मिल जाएंगे।

ज्यादातर महिलाएं केवल लाल या मरून रंग का ही चूड़ा पहनती हैं। लेकिन अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं तो लंहगे से मैचिंग चूड़ा पहनें। पिंक कलर का चूड़ा देखने में बेहद सुंदर और अट्रैक्टिव लगता है। इसके साथ कुंदन के कड़े खूब जंचते हैं। आप भी कुछ इसी तरह का चूड़ा डिजाइन सेलेक्ट कर सकती हैं। मार्केट में आपको कई रंग के चूड़े मिल जाएंगे। आप चूड़ा के साथ भी क्रिएटिविटी कर सकती हैं। आजकल कस्टमाइज्ड चूड़ा डिजाइन काफी पॉपुलर हैं। इसमें आप चूड़े पर कुछ भी लिखवा सकती हैं। चाहे वह पति का नाम हो या फिर सौभाग्यवती भव जैसे मंत्र हों। यकीन मानिए यह चूड़ा देखकर हर कोई आपकी तारीफ जरूर करेगा।

# चेहरे पर निखार लाने लगाए मुल्तानी मिट्टी के फेसपैक



अगर आपके भी स्किन ऑयली और चिपचिपी है, और उसे आप परेशान हो चुके हैं, तो छुटकारा पाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी के फेसपैक बना कर आसानी से तैयार कर सकते हैं।

### मुल्तानी मिट्टी और आलू का रस

मुल्तानी मिट्टी और आलू का रस का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी का पाउडर ले, और उसमें आलू का रस निकालकर मुल्तानी मिट्टी मिले आलू को पहले आप कद्दूकस कर ले, और उसका रस अलग कर ले, और इस फेस पैक को अब अपने चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगा कर रखें, और जब यह फेस पैक सूखने लगे तो ठंडा पानी से अपने चेहरे को धो ले, यह आपकी स्किन को ग्लो बढ़ा देगी, और यह फेस पैक चेहरे पर अप्लाई करने से चेहरे पर जो भी ऑयल होता है, उसे सुख लेता है, और स्किन में एक नेचुरल ग्लो देने का काम करता है।

### मुल्तानी मिट्टी और दही

डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी और दही का फेस पैक लगा सकते हैं, और इस फेस पैक को तैयार करने के लिए दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी का पाउडर एक कटोरी में डालें और एक बड़ा चम्मच फ्रेश दही को मिले ले और दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर ले, और मिक्स करने के बाद अपने चेहरे और जहां भी ट्रेनिंग की समस्या है, वहां पर आप लगा सकते हैं, और इसे लगाने के बाद 15 मिनट के लिए ऐसे छोड़ दे, जब यह फेस पैक सुख जाए तो हल्का गर्म पानी से अपने चेहरे को धो ले, और अगर आप इस फेस पैक को हफ्ते में दो से तीन बार लगते हैं, तो पिंपल और ब्लैक हेड्स की समस्या कम हो जाएगी। सबसे ज्यादा एलोवेरा का उपयोग ब्यूटी प्रोडक्ट में किया जाता है, ये फेस पैक आपके चेहरे पर जो भी ट्रेनिंग है, उसे खत्म करता है, और त्वचा को साफ सुथरा बनाने में मदद करता है, मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा जेल का फेस पैक बनाने के लिए एक कटोरी में दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी का पाउडर को डालें और उसमें एक चम्मच एलोवेरा जेल को भी ऐड करें।

**कार्नर न्यूज**

**नई मेकअप स्टाइल को दुनिया भर में अपना रहे मॉडल**

# बार्बी डॉल सा पिंक-पिंक मेकअप आया चलन में, दुनिया भर में बदल रहा हैं लुक

इन दिनों बार्बी मेकअप लुक काफी ट्रेंड में है। इसका पिंक-पिंक मेकअप आपको बार्बी डॉल बना देगा और आपका जलवा हर जगह बिखरने लगेगा। आपको मेकअप में पिंक कलर या मेकअप इंडस्ट्री का अपडेट अपनाना पसंद है तो बार्बी मेकअप आपके लिए है। इन दिनों यह काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें पिंक कलर का उपयोग कर बार्बी डॉल का लुक क्रिएट किया जाता है। इसमें गुलाबी आंखों के लिए हॉट पिंक आई शैडो, गुलाबी गाल के लिए पिंक ब्लश, नाखूनों के लिए गुलाबी नेल पेंट और गुलाबी होंठ के लिए पिंक लिप शेड का इस्तेमाल किया जाता है। बार्बी मेकअप के इतने ही स्टाइल नहीं हैं, इसकी सूची लंबी है। इसमें शामिल हैं, लिलैक बार्बी, लवर बार्बी, मालिबू बार्बी, पंक रॉक बार्बी, ग्लिटजी बार्बी, ड्रीमी बार्बी, ब्लशिंग बार्बी और स्बटल बार्बी। ऐसे में बार्बी मेकअप के लेटेस्ट ट्रेंड्स के बारे में जानना जरूरी है।

### मरमेड

यह आपको क्लासी बार्बी लुक देगा। इस लुक में पिंक और पर्पल शेड का ही उपयोग होता है। सौंदर्य विशेषज्ञों के अनुसार, मरमेड बार्बी लुक के लिए मेकअप में पिंक और पर्पल शेड का ज्यादा उपयोग होता है। आंखों के लिए पिंक या पर्पल शेड का आईशैडो और फ्रॉस्टेड पिंक लिप कलर का उपयोग होता है, बाकी मेकअप बेस अन्य मेकअप स्टाइल जैसा होता है।



### बोल्ड

यह मेकअप लुक आप खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। इस लुक में पिंक कॉस्मेटिक शेड ही प्राथमिकता में रहता है। आप युवा हैं, अधेड़ या बड़ी उम्र की महिला, बोल्ड बार्बी लुक आप पर जंचेगा। बस जरूरत है, इस मेकअप को आत्मविश्वास से कैरी करने की।

### नियॉन

नियॉन बार्बी मेकअप करना काफी आसान है। इसे आप खुद भी कर सकती हैं। बस, जरूरत है अभ्यास की। नियॉन बार्बी मेकअप करने का हर तरीका आपको सर्च इंजन में मिल जाएगा। इसे करने का मन है तो कर डालिए। यह आप पर फबेगा, बस इसे कैरी करते हुए आत्मविश्वास बनाए रखना बहुत जरूरी है।

### इथेरल

इथरेल बार्बी मेकअप सिर्फ आंखों या होंठों पर नहीं, चीक बोन और जॉ लाइन पर भी किया जाता है। इसके लिए मेकअप का बेस लगा लें। आई मेकअप कर लें। आंखों में पिंक आई शैडो लगाएं। जॉ लाइन और चीक बोन को चीक पॉपर ब्लशिंग हाइलाइटर से एनहैंस्ड करें।

### स्लट्री

सुना है कभी स्मोकी पिंक आइज के बारे में? स्लट्री बार्बी मेकअप में स्मोकी पिंक आई मेकअप किया जाता है और बाकी हर मेकअप में पिंक शेड की प्राथमिकता रहती है। इस मेकअप में ब्लशर बफी पिंक और हाइलाइटर शिमरी पिंक होना चाहिए, तभी ग्लो दिखेगा।



### कभी-कभी करें

सुप्रसिद्ध सौंदर्य विशेषज्ञ शहनाज हुसैन कहती हैं, अलग हटकर दिखना है, तो पिंक मेकअप करें। यह है बार्बी मेकअप। यह मेकअप हर आउटफिट पर जंचता है। चाहे आप पारंपरिक या वेस्टर्न या इंडो वेस्टर्न पहनें। बस, ध्यान रहे कि पिंक शेड का ओवर प्रयोग न हो और मेकअप के हर स्ट्रोक में सफाई होनी चाहिए। बार्बी मेकअप में कई स्टाइल होते हैं। आप अपनी पसंद से कोई भी मेकअप करें।